'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 129 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 25 जुलाई 2024 samachargate@gmail.com

**मध्यमवर्गीय परिवार के लिए मील का पत्थर साबित होगा बजट : दीपक डागर**





## हरियाणा पुलिस के जवान विकट परिस्थितियों में धैर्य के साथ कर रहे हैं कर्तव्यों का निर्वहनः मुख्यमंत्री



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पुलिस का कार्य चुनौतीपूर्ण है। हरियाणा पुलिस ने विकट व विषम परिस्थितियों में भी धैर्य तथा सूझबूझ का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। सरकार हरियाणा पुलिस को देश की अग्रणी पुलिस बनाने के लिए कटिबद्ध है। पुलिस में पारदर्शी तरीके से भर्ती के लिए टीआरपी (ट्रांसपेरेंट रिक्रूटमेंट प्रोसेस) लागू किया है। प्रशिक्षण संस्थान यह ध्यान रखें कि पुलिस का जवान एक अच्छा पुलिसकर्मी होने के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक भी हो। मुख्यमंत्री आज जिला रोहतक में सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में 18 कंपनियों के 1265 जवानों की प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर आयोजित पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितगण को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने खुली जीप में सवार होकर परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया तथा भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जवानों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं भी दी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। आज इन जवानों के हरियाणा पुलिस में शामिल होने से पुलिस बल की नफरी बढ़ेगी। सभी जवान मेहनत और लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें ताकि पुलिस बल की कार्यकुशलता में और वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 1265 जवानों में से 765 जवानों ने सुनारिया पुलिस अकादमी तथा 500 जवानों ने पुलिस अकादमी मधुबन से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने आह्वान किया कि पुलिस के जवान समाज सेवा के साथ-साथ देश सेवा के जज्बे के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगभग पौने दस सालों में योग्यता के आधार पर एक लाख 32 हजार से अधिक युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची रोजगार दिया है।

**अपराधियों व नशे में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस कर रही सख्त कार्रवाई**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा अपराधियों व नशे की अवैध तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके उन्हें सजा दिलवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नशा तस्करों से निपटने के लिए पूरी तरह सजग है। सरकार द्वारा इसके लिए अंतरराज्यीय ड्रग्स सचिवालय व हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना की गई है।

**साइबर अपराध पर अंकुश के लिए हेल्पलाइन सेवा-1930 शुरू**

मुख्यमंत्री ने कहा कि डायल 112 पर कॉल प्राप्त होते ही पुलिस 7 मिनट 5 सेकंड में मदद के लिए पहुंच जाती है। अब तक इस नम्बर पर 30 लाख कॉल आ चुकी है तथा इनमें से 93 प्रतिशत लोग पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं। डायल 112 सेवा को व्हाट्सएप प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध करवाया गया है। संकट के समय व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर पुलिस की मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा राज्य साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की स्थापना की है तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 शुरू किया है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जवानों को किया गया पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री ने पासिंग आउट परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जवानों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों जवानों में प्रथम पुरस्कार सिपाही नरविंद सिंह, द्वितीय पुरस्कार सिपाही वकील कुमार तथा तृतीय पुरस्कार सिपाही जगबीर सिंह शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर रोहतक रेंज व पीटीसी सुनारिया के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.के.राव, पुलिस उप महानिरीक्षक शिवचरण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिला गुरुग्राम विश्वविद्यालय और कॉलेज टीचर्स का प्रतिनिधिमंडल

**सरकारी स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों को बंद कर शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है बीजेपी- हुड्डा**

**निजीकरण के चलते महंगी होगी शिक्षा, गरीब, एससी, ओबीसी के बच्चे होंगे शिक्षा से वंचित- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय और ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलने पहुंचे। उन्होंने अपनी मांगों और मुद्दों से संबंधित ज्ञापन हुड्डा को सौंपा। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महिला शिक्षकों की कार्यस्थल पर प्रताड़ना हो रही है और आरोपियों पर शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कच्चे कर्मचारियों द्वारा उठाई गई समान काम-समान वेतन की मांग को भी कुलपति द्वारा खारिज कर दिया गया। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय की भर्तियों में भी जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है और नौकरियां खरीदी-बेची जा रही हैं।

कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने हुड्डा बताया कि विश्वविद्यालयों और सरकारी कॉलेजों में शिक्षकों के 3375 पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन सरकार भर्ती करने का नाम नहीं ले रही। ऊपर से टीचर्स को पढ़ाई करवाने से अतिरिक्त गैर-शिक्षण काम थोप दिए जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 की खामियों के बारे में बताया और उसमें संशोधन की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस सरकार की पदोन्नति प्रक्रिया भी पारदर्शी नहीं है और वेतन में कई तरीके विसंगतियां हैं। टीचर्स ने उनकी सेवानुवतति की आयु को 60 साल तक बढ़ाने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी उठाई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सभी की मांगों को सुना और कांग्रेस सरकार बनने गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि सरकार तय नीति के तहत प्रदेश के सरकारी शिक्षा तंत्र को खत्म कर रही है और तमाम स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों को निजी हाथों में सौंपना चाहती है। इसके चलते शिक्षा महंगी होगी और गरीब, एससी, ओबीसी व किसान के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। यहीं बीजेपी की मंशा है।

बीजेपी सरकार स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं तक देने में नाकाम साबित हो रही है। प्रदेश के 131 स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा, 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन और 538 स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय तक नहीं है। प्रदेश के स्कूलों में 8240 अतिरिक्त कमरों की जरूरत है। आलम ये है कि रोहतक के गांधीनगर स्थित 550 बच्चों वाले पीएम श्री स्कूल में कोई कमरा ही नहीं हैं। टीचर्स को पढ़ाई का काम लैब, स्टाफ रूम और बरामदे करवाना पड़ता है।

## संसद में बोले बिप्लब कुमार देब, एमएसपी का सबसे ज्यादा फायदा हरियाणा को मिला



समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बजट पर बोलते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा विधानसभा चुनावों के सहप्रभारी बिप्लब कुमार देब ने बजट को ग्रामीण युवा और किसान समर्थक बताया। हरियाणा के सिरसा से सांसद कुमारी सेलजा द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए बिप्लब देब ने कहा कि मोदी जी के आने के बाद इंटर्नशिप और नौकरियों के बारे में उन युवाओं के लिए भी सोचा गया जो युवा ग्रामीण और साधारण कॉलेज में पढ़ते हैं। बजट में उनके शिक्षा और रोजगार के लिए अलग से प्रावधान किया गया है।

किसानों के मुद्दे पर आंकड़ों सहित जवाब देते हुए बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पिछले 10 सालों में एमएसपी पर खरीदी गई फसलों का भुगतान लगभग 14 लाख करोड़ रुपए किया गया है, जिसका सबसे ज्यादा फायदा हरियाणा के किसानों को हुआ है।

इस बजट में किसान कल्याण और खाद पर सबसिडी के लिए भी अलग से बड़ी रकम का प्रावधान किया गया है। संसद में बजट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद करते हुए श्री देब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समाज सुधारक कहा।

सांसद बिप्लब ने कहा कि मोदी सरकार जब स्वच्छ भारत की बात करती है तो केवल साफ सफाई की नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात करती हैं। आज मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। श्री देब ने कहा कि भारत 2047 तक दुनिया की नंबर-1 आर्थिक शक्ति होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 48 लाख करोड़ का बजट पेश कर विकसित भारत की तस्वीर पेश की है। श्री देब बुधवार को संसद में बजट चर्चा पर बोल रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट की सराहना की और प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय वित्त मंत्री का बेहतरीन बजट पेश करने पर आभार जताया। संसद में श्री देब ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में एससी/एसटी पर अत्याचार होते थे, अपने ही देश में लोगों को रिफ्यूजी कैंपों में रहना पड़ता था।

बिप्लब देब ने कहा कि यूपीए के समय देश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, कांग्रेस के समय 2013-14 में 16 लाख करोड़ के आस-पास बजट होता था और मोदी सरकार में अब 48 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद पारदर्शी आर्थिक व्यवस्था लागू हुई और आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत वाला देश है। कोरोना महामारी के बावजूद देश ने तरक्की की और सर्वे के मुताबिक अब हमारी जीडीपी 6.50 से 7 प्रतिशत तक रहने वाली है यह सब मोदी जी के नेतृत्व का ही कमाल है। 2023-24 के मुकाबले 2024-2025 के इस बजट में 18.2 प्रतिशत कैपिटल एक्सपेंडीचर ज्यादा है जो साधारण बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार देश के सभी राज्यों को 4 लाख 82 हजार करोड़ रुपये ज्यादा मिलेंगे, जिससे देश का सर्वांगीण विकास होगा।

बिप्लब देब ने कहा कि बजट में 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की गारंटी दी है। इसके साथ ही देश की 500 टॉप कंपनियों में हमारे एक करोड़ युवाओं को इंटरशिप का मौका देने का प्रावधान किया है। इंटरशिप के बाद 100 प्रतिशत रोजगार की गारंटी है। बजट की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार का ऐसा बजट है जो रोजगार की भी गारंटी देता है।

बजट सत्र के दौरान संसद में बैठी हरियाणा के सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा की ओर ईशारा करते हुए श्री देब ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में लगभग 14 लाख करोड़ रुपये एमएसपी के रूप में किसानों को दिए हैं। कुमारी शैलजा को बताते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में सबसे ज्यादा एमएसपी किसानों को भाजपा सरकार दे रही है। हिसार में एयरपोर्ट भी तैयार हो चुका है। पीएम मोदी के काम करने के तरीके से ही देश दुग्ध उत्पादन में नंबर-1 है, मोटे अनाज उत्पादन में नंबर 1 है, चावल गेहूं उत्पादन में नंबर 2 पर है।

बिप्लब देब ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब व्यक्ति को पीएम आवास के तहत फ्री मकान, मकान में स्वच्छ जल, गैस, शौचालय जैसी सुविधाएं दी हैं। अगर गरीब आदमी बीमार होता है तो उसे आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के इलाज की गारंटी दी है। 80 करोड़ गरीब लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। मोदी की नीतियों का परिणाम है कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकलकर मध्यम वर्ग में शामिल हुए हैं।

## 50 हजार का इनामी 50 वर्षीय रेपिस्ट पुलिस ने किया अरेस्ट

**सीआईए सोहना और महिला पुलिस की द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** 26 अप्रैल 2024 को एक महिला ने महिला थाना पूर्व, गुरुग्राम की पुलिस को लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि वह तथा इसका पति एक ठेकेदार का पास काम करते हैं। ठेकेदार ने इनको गांव रिठोज में कमरा रहने के लिए दिया हुआ था। एक दिन पहले 25 अप्रैल को एक अन्य व्यक्ति ठेकेदार के यहां काम करने आया था जो दिनांक 25/26 अप्रैल की रात को इनके कमरे की बाहर ही सोया था। जब रात को इसकी आंख खुली तो इसकी 03 वर्षीय बेटी कमरे में नहीं थी। जब इन्होंने देखा तो वह व्यक्ति भी कमरे के बाहर नहीं था। इन्होंने बच्ची को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन वह कहीं नहीं मिली। 26 अप्रैल की सुबह इसकी बच्ची इनके कमरे से लगभग 300 मीटर दूर बेहोशी की हालत में मिली। इसकी बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे। उस व्यक्ति ने इसकी बेटी के साथ गलत काम करने की कोशिश की। शिकायत पर महिला थाना पूर्व, गुरुग्राम में पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने जानकारी देते हुए बताया गुरुग्राम पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उप-निरीक्षक सत्य प्रकाश, प्रभारी अपराध शाखा सोहना, गुरुग्राम व महिला निरीक्षक गीता, प्रबन्धक महिला थाना पूर्व, गुरुग्राम की पुलिस टीमों ने उपरोक्त अभियोग में 50 हजार के ईनामी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अथक प्रयास किए तथा आरोपी को काबू करने के लिए पुलिस तकनीकी की सहायता से गुरुग्राम, दिल्ली, झांसी, पूना, रतलाम में रेड की । जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को 24 जुलाई बुधवार को रतलाम मध्य-प्रदेश से काबू करने में बड़ी सफलता हासिल हुई। आरोपी की पहचान रतन निवासी गांव बलिहारी जिला छतरपुर मध्य-प्रदेश) उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई, जिसे उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

**वारदात को अंजाम दे बदलता ठिकाना**

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने 25/26 अप्रैल की रात को उपरोक्त अभियोग में पीड़िता बच्ची के माता-पिता के सो जाने के बाद बच्ची को एकांत में ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने मार्च-2024 में थाना चंदला मध्य-प्रदेश के इलाके में 06 वर्षीय लड़के के साथ कुकर्म करने की वारदात को अंजाम देने का खुलासा किया है। उपरोक्त 06 वर्षीय लड़के के साथ कुकर्म करने की वारदात के अभियोग में भी यह (आरोपी रतन उपरोक्त) वांछित था। आरोपी से पुलिस पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि यह वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए दूसरे शहर में चला जाता था और वहां कुछ दिनों तक मजदूरी करता, इसी दौरान यह किसी बच्चे/बच्ची/नाबालिक की तलाश करता और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर वहां से किसी अन्य स्थान पर जाकर मजदूरी करने लगता। पुलिस से बचने के लिए यह (आरोपी) अपने ठिकने बदलता रहता था।

**आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड**

आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी वर्ष-2005 में अपने ही गांव की एक 05 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 10 वर्ष की सजा काट चुका है। जिसमें आरोपी सजा काट के वर्ष-2015 में जेल से बाहर आया था। आरोपी को न्यायालय में पेश करके आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## बीजेपी नेता जगमोहन और मशहूर डायरेक्टर सतीश कौशिक के भतीजे सिद्धार्थ वत्स आम आदमी पार्टी में शामिल



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की मौजूदगी में और लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता निशांत आनंद के नेतृत्व में बड़ी बड़ी कंपनियों के मालिक, बिजनेसमैन और एडवोकेट समेत सैकड़ों लोगों ने अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश सचिव उमेश अग्रवाल, लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर और जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना मौजूद रहे।

इस दौरान भसीन इंडस्ट्री के ऑनर कोमल भसीन, एंटरप्रेन्योर संजीव चोपड़ा, रियल स्टेट कंस्ट्रक्शन गुरुग्राम और लंदन के ऑनर कपिल गुलाटी, सदर बाजार व्यापर मंडल के वाइस प्रेसिडेंट मंसूर, स्टेट सेसा फुटबाल क्लब प्लेयर गिरीश पर्व, लेंसकार्ट के मैनेजर जितिन, बॉलीवुड डायरेक्टर स्वर्गीय सतीश कौशिक के भतीजे सिद्धार्थ वत्स, बीजेपी व्यापार मंडल के अध्यक्ष जगमोहन, ऐधा रियल टेक कंपनी के ऑनर पीयूष सालदी, ईवाई कंपनी के डायरेक्टर अमन, बीपी टूल कंपनी के ऑनर मनोज साहू, शिवम रावत, एडवोकेट राहुल साहू, एडवोकेट रोहित शर्मा, एडवोकेट साक्षी, एडवोकेट तान्या, एडवोकेट रिया, एडवोकेट रौतिक, जनस्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड सुपरिटेंडेंट बाने सिंह सिरोहिया, भोरे लाल इंटरप्राइजिज कंपनी के ऑनर भोरे लाल, भाटिया कंपनी के डायरेक्टर मोहित भाटिया, रोहित शर्मा, एमएनसी कंपनी के मैनेजर सुंदर अवाना, ऑप्टीमम पॉवर्स कंपनी के डायरेक्टर सोनू चोपड़ा, बिजनेसमैन नरेंद्र और अवनीत आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

इससे पूर्व डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर बजट के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कल मोदी सरकार ने अपना बजट पेश किया। इस बजट में देश और हरियाणा को क्या मिला ये बहुत ही विचारणीय बात है। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि इस बजट में हरियाणा का नाम भी नहीं लिया गया और न हरियाणा को कोई स्पेशल पैकेज दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। हरियाणा के युवाओं के लिए कोई नया उद्योग लगे या मैट्रो का विस्तार हो ऐसा कोई जिक्र नहीं किया गया। पूरे देश में सबसे ज्याद युवा हरियाणा से फौज में जाते हैं। लेकिन हरियाणा का युवा निराश है कि उसको भी बीजेपी सरकार ने अग्निवीर में कनवर्ट कर दिया है। बीजेपी ने सेना को भी अस्थायी बना दिया है। जिसका प्रशिक्षण भी पूरा न हो उसको बॉर्डर पर भेज देना, ये सेना के लिए भी निराशाजनक बात है। अग्निवीर योजना सेना और युवाओं के साथ विश्वासघात है। इस बजट में अग्निवीर योजना को लेकर कोई नई बात नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में मैट्रो के विस्तारीकरण को बढ़ाने के लिए एक पैसे का भी प्रावधान नहीं किया गया। इस बजट में जो किसान लंबे समय से सोच रहा था कि एमएसपी को बढ़ाने का कोई सिस्टम बनेगा, सी2+50% के फोर्मूले से एमएसपी को डबल किया जाएगा। 750 किसानों ने शहादत दी और आज भी शंभू बॉर्डर पर देश के किसानों का आंदोलन चल रहा है। किसान परेशान है और सड़क पर है। उनके लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि इस बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए कोई ऐसा प्रावधान नहीं किया गया कि नए उद्योग लगे और सरकारी वेकेंसी को भरा जाए। बजट में न ही कर्मचारी वर्ग की ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली का जिक्र किया गया। इस बजट में लोगों को उम्मीद थी कि टैक्स सलैब को बढ़ाया जाएगा और जो महंगाई इंडेक्स बढ़ता जा रहा है उसके हिसाब से कम से कम 10 लाख रुपए तक की छूट दी जाएगी। लेकिन उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक गरीब व्यक्ति बढ़ते परिवार की जरूरतों को देखते हुए अपने मकान या खेत को बेचकर दूसरी जगह ले लेता था उनकी इंडेक्स वल्यू को खत्म कर दिया गया है। अब वो सीधा कुछ भी दूसरा खरीदने से पहले 12.5% टैक्स देना पड़ेगा तो पहले बिल्कुल भी नहीं था। शेयर मार्केट में जो लोग छोटी छोटी इनवेस्टमेंट करते थे, उनके कैपिटल पेय इंडेक्स को भी बढ़ा दिया है। इस पूरे बजट में महिलाओं के लिए कोई ऐसा विशेष प्रावधान नहीं किया गया कि वो अपनी रसोई को ठीक से चला सके। पूरा देश महंगाई से परेशान है लेकिन महंगाई को कम करने के लिए भी इस बजट में कोई योजना नहीं लाई गई। इस बजट में सरकार द्वारा केवल आंकड़ों का खेल खेला गया है। उन्होंने कहा हमें उम्मीद थी कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर देश के बिजली मंत्री और शहरी आवास मंत्री बने तो हरियाणा के लिए कुछ पैकेज जरूर लेकर आएंगे। परंतु इस बजट में हरियाणा में गरीबों के लिए मकान का प्रावधान कहीं भी नहीं है। पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से जो भी मकान मांगे, उनकी मांग को लगातार रिजेक्ट किया गया। ये बजट हरियाणा के लोगों के लिए बहुत ही निराशाजनक बजट रहा। ये बजट देश और प्रदेश की जनता के साथ एक धोखा है। उन्होंने कहा कि ये बजट केवल अपनी बैसाखियों को मजबूत करने वाला बजट साबित हुआ है। बीजेपी सरकार जिन बैसाखियों के सहारे खड़ी है, उन प्रदेशों को तो स्पेशल पैकेज दिए गए। लेकिन केंद्र सरकार ने बाकी प्रदेशों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया इस प्रेस वार्ता में धीरज यादव, प्रताप कदम, भोला गुर्जर, अंजलि राही, पारस जुनेजा, नितिन बत्रा, वीना हंस, नरेश अग्रवाल, श्याम लाल, रमेश चौहान, नरेंद्र जांगड़ा, अवि राघव, हरीश मल्होत्रा मौजूद रहे

# एक निजी स्कूल संचालक पर लाखों रु लेनदेन को लेकर पीड़ित पक्ष स्कूल गेट पर किया धरना प्रदर्शन



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में एक बड़ा मामला सामने आया है जहां एक निजी स्कूल संचालक पर लाखों रुपए के लेनदेन को लेकर पीडति पक्ष द्वारा स्कूल के गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को स्कूल संचालक के दबाब के चलते हुए वहां से डरा धमकाकर भगा दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा पीडतिों के साथ की गई बदसलूकी भी कमरों में कैद हो गई।

पीड़ित होडल निवासी दीपचंद का कहना है की उन्होंने वर्ष 2015 में सीपीएस स्कूल के मालिक सुरेश भारद्वाज को कर्ज के रूप में 25 लाख रुपए दिए थे जिसकी एवज में मुझे सुरेश भारद्वाज ने अपना साइन हुआ चेक और एफिडेविट भी दिया। कोरोना काल में मेरा पुत्र बीमार हो गया जिसमें में आर्थिक रूप से कमजोर हो गया और लंबी बीमारी के चलते मेरे पुत्र की आंखों की रोशनी लगभग चली गई उसका उपचार जारी है लेकिन मेरे पास पुत्र की दवाइयों के लिए भी पैसा नही है। अब हमे अपने पुत्र के इलाज के लिए पैसों की जरूरत है हमारे परिवार ने कई बार सुरेश भारद्वाज से पैसों की मांग की लेकिन वो पैसे देने की बजाय हमे तरह तरह की धमकियां देता है जिसके चलते आज हमे मजबूरन स्कूल के गेट पर धरना प्रदर्शन करना पड़ा लेकिन यहां पहुंची पुलिस ने भी स्कूल संचालक के दबाव में हमे यहां से जबरन उठा दिया। पीड़ति का कहना है की वो अपने जवान पुत्र को बीमारी के चलते मानसिक तौर पर बिल्कुल कमजोर हो चुका हु वहीं जब इस बारे में मौके पर पहुंचे भवनकुंड चौकी इंचार्ज रविंद्र से बात की तो उन्होंने कहा की बिना परमिशन के धरना नही दिया जा सकता इसलिए इन्हे उठाया गया है। प्रदर्शनकारी लोग जिला उपायुक्त से पहले अनुमति लेकर आएं।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

## शिक्षण संस्थान के 100 मीटर में तम्बाकू और नशीला पदार्थ रखना, बेचना अपराध है



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा आज होडल में पहुंचे हुए थे। उन्होंने विद्यालयों के आस पास तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले लोगों को बताया कि विद्यालय के 100 मीटर के क्षेत्र में कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ न रख सकता है और न बेच सकता है। कड़ी चेतावनी देकर उन्हें छोड़ा गया और थाना प्रभारी को भी सूचित किया गया कि विद्यालयों के आस पास कुछ दुकानदार तम्बाकू उत्पाद बेच रहे हैं और भविष्य में पुनरावृति न हो इसीलिए सूचित किया जा रहा है। वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे और विद्यालय के प्राचार्य राकेश बघेल की अध्यक्षता में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 600 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य और पशु में केवल विवेक का अंतर है और इसी विवेक और बुद्धि के कारण मनुष्य सर्वोत्तम कहलाता है। यदि मनुष्य पशु प्रवृति के कारण नशे जैसे भयानक आहार का सेवन करता है तो उसकी बुद्धि भी मलिन हो जाती है और विवेक शून्य हो जाता है। उन्होंने बताया कि केवल नशे के प्रभाव में व्यक्ति कोई भी अपराध कर सकता है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार भारत में 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे केवल एक ही कारण है और वो है नशा। बहुत विस्तार पूर्वक नशे पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार नशा भारत में प्रवेश करता है और इसके बदले जो धन जा रहा है वो आतंकवादी गतिविधियों में प्रयोग होता है। युवाओं को देश की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ करने की आवश्यकता है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 बारे विस्तार से बताया कि किस प्रकार यह नशा मुक्त अभियान के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय मंत्र है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। विद्यालय के प्राचार्य राकेश बघेल ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए ब्यूरो के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कपास की फ सल को लेकर गांव बंचारी में किसान मेले का आयोजन किसान मेले में 400 किसानों ने लिया भाग



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल द्वारा बुधवार को कपास की फसल को लेकर गांव बंचारी में किसान मेले का आयोजन किया गया। किसान मेले में 400 किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र भूपानी से डा. विनोद मोहन, पशु विज्ञान केंद्र से डॉ. रेखा दहिया, खंड कृषि अधिकारी देवेंद्र कुमार, सहायक कृषि अभियंता डा. अमीन मलिक, बागवानी विभाग से कमल कुमार और खंड तकनीकी प्रबंधक पलवल सुंदर सिंह, खंड तकनीकी प्रबंधक होडल रामदेव, कृषि विकास अधिकारी नैन्सी, रूबी कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक पलवल अतुल कुमार शर्मा ने किसानों को जागरूक जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कपास की फसल नकदी फसल है। प्रदेश सरकार द्वारा कपास की फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है। कपास की फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को फसल में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कीट एवं उनके प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई है। कपास की फसल में लगने वाली गुलाबी सुंडी बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गुलाबी सुंडी का लार्वा कपास के बीज कोषों को खाने के अलावा फूलों की कलियों और फूलों को खा जाता है। यह कीट कपास के बीजों को लिंट के माध्यम से बीजकोषों में छेद कर देता है। संक्रमित कलियां और अपरिपक्व बीजकोष बहुत जल्दी गिर जाते है। उन्होंने बताया कि फसल में गुलाबी सुंडी बीमारी आने पर कृषि विशेषज्ञों की सलाह अनुसार दवाइयों का छिडक़ाव करना चाहिए। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए कपास के खेतों में जल निकासी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। किसानों को कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। खंड कृषि अधिकारी देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में आए सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गांव बंचारी से किसान जयपाल मैंबर, राधा रमन, राजेश नंबरदार लोहिन आदि किसानों ने भी भाग लिया।

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर सौंपा ज्ञापन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले में नौ गांवों के किसानों द्वारा पिछले पांच माह से अपनी जमीन के मुआवजे को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने हरियाणा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद के नेतृत्व में आईएमटी रोजका मेव से नूंह लघु सचिवालय तक लगभग 35 किलोमीटर लंबा ट्रेक्टर मार्च निकाला और जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए डीसी के मार्फत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। आपको बता दें कि आईएमटी रोजका मेव के लिए नौ गांवों के किसानों की 1600 एकड़ जमीन अधिग्रहण की गई थी। जिसको लेकर किसानों का मुआवजा बचा हुआ था। उस मुआवजे को लेकर नौ गांवों के किसान पिछले 5 महीने से लगातार धिरदूका गांव में धरने पर बैठे हैं और अपने बचे मुआवजे की मांग रहे हैं। बीती 4 जुलाई को जब किसानों ने धरना स्थल पर महापंचायत बुलाई थी, तो वहां पर जिला प्रशासन ने पंचायत में पहुंच, किसानों से 5 सप्ताह का टाइम मांगा था और कहा था कि आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के साथ उन्हें मनवाया जाएगा। जिसको लेकर आज हरियाणा किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद के नेतृत्व में 9 गांवों के किसानों ने रोजका मेव से लेकर नूंह लघु सचिवालय तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। इस दौरान सेकंडों ट्रैक्टरों के साथ-साथ हजारों लोग भी इस ट्रेक्टर मार्च में शामिल हुए।

इस दौरान रवि आजाद ट्रैक्टर चलाते हुए नूंह लघु सचिवालय पहुंचें और उन्होंने कहा कि आज ट्रैक्टर मार्च निकालकर जिला प्रशासन को चेतावनी दी हैं कि जिला प्रशासन ने जो समय चार जुलाई को मांगा था। वो टाइम अब सात अगस्त को पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौ गांवों के किसानों की पंचायत में धरना प्रदर्शन स्थल पर चार जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा लिया गया समय पूरा हो रहा हैं। वह उम्मीद करते हैं कि 7 अगस्त को जिला प्रशासन किसानों के मुआवजे की राशि लेकर आए और उन्हें मौके पर चेक थमाएं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो 7 अगस्त के बाद किसान आईएमटी रोजका मेव में चल रहे सभी कार्यों को रोकने का काम करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान रवि आजाद ने कहा कि आज सरकार किसानों के हकों को लूट कर अमीरों को देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 45-45 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन को सरकार खरीदकर दूसरे लोगों को 25-25 करोड रुपए में बेचने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो जल्द ही रोजका मेव आईएमटी में चल रहे सभी कार्यों को रोकने का काम किया जाएगा। इस दौरान नूंह पुलिस कप्तान विजय प्रताप ने लघु सचिवालय के बाहर किसानों के ट्रैक्टर मार्च को देखते हुए डीएसपी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया। इस दौरान जब किसान नेता रवि आजाद ट्रेक्टर लेकर लघु सचिवालय में अंदर जाने लगे तो पुलिस ने रवि आजाद के ट्रैक्टर को गेट पर ही रोक दिया और किसानों की कमेटी को ही डीसी को ज्ञापन सौंपने के लिए अंदर जाने दिया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम विशाल कुमार ने कहा कि किसानों द्वारा दिया गया ज्ञापन ले लिया है और इसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए जल्द भिजवाया जाएगा।

# फुटबाल खिलाड़ी मनीष कोटा खण्डेवला का हुआ हरियाणा टीम में चयन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जूनियर बीसी रॉय राष्ट्रीय चैम्पियनशीप 2024 -2025 फुटबाल प्रतियोगिता में फुटबाल खिलाड़ी मनीश कोटा खण्डेवला का हुआ हरियाणा टीम में चयन। असम के नया गाँव में 28 जुलाई से 11 अगस्त तक होने जा रही जुनियर बीसी रॉय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप फुटबाल प्रतियोगिता में नूंह जिले के तावडू खण्ड के कोटा खण्डेवला गाँव के मनीश पुत्र देवीराम का चयन हुआ।

जिला फुटबाल संघ नूंह के प्रधान मनोज छोकर व सचिव जसबीर कुण्डू ने बताया कि जुनियर बीसी रॉय राष्ट्रीय ट्राफी के ट्रायल कोटा खण्डेवला राजीव गांधी स्टेडियम में हुए थे। पुरे जिले के ट्रायल के बाद आठ खिलाडयिो का चयन राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए हुआ। इनमें से मनीश का चयन हरियाणा के चयनित खिलाडयिो में हुआ। जिनका कैम्प गुरुग्राम में 17 जुलाई से 23 जुलाई तक लगया गया। इस कैम्प में मनीश ने अपनी मेहनत व खेल प्रदर्शन के आधार पर हरियाणा की टीम के लिए चयन करवाया।

हरियाणा फुटबाल संघ के प्रधान ने चयनित खिलाडयिों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मनीष के माता पिता ने उसे अच्छा खेलने व गांव व राज्य का नाम रोशन करने का आर्शिवाद दिया। इस मौके पर कोटा खण्डेवला के राजीव गांधी खेल स्टेडियम के फुटबाल कोच पवन कुमार व खिलाड़ियो में खुशी का माहोल है। मेवात मे फुटबाल को एक नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर नूह मेवात जिले के फुटबाल खिलाड़ियो व खेल प्रेमियों मे खुशी की लहर दौड़ रही है। हरियाणा के ग्रुप ए मे नागालैण्ड, अण्डमान निकोबार, मणीपुर, व लक्ष्य द्वीप हैं। इन सब टीमों से हरियाणा के ग्रप के मैच होंगे।

# कर्मचारी यूनियन ने विरोध प्रदर्शन कर की नारेबारी

## कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार के संज्ञान में लाने के लिए कर्मचारी यूनियन ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व अन्य मांगों को लेकर आज जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर यूनियन के आहवान पर आज नूह में स्थित पुराने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से कच्चे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा ने कहा कि अब कर्मचारी सरकार की दमनकारी नीतियों से परेशान हो चुके हैं। सरकार को चाहिए कि वह सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे और पंचायती राज के अधीन पंप ऑपरेटरों को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में शामिल करे। इसके अलावा कर्मचारियों ने अपनी अन्य कई मांगों को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन की प्रति जिला उपायुक्त को सौंपी। इससे पहले कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करने के साथ-साथ नारेबाजी भी की। इस दौरान मंच संचालन व प्रदर्शन कार्यक्रम की अगुवाई कर्मचारी जयपाल फौजी बिशान ने की।

इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान खुर्शीद अलावलपुरिया, प्रधान जाकिर मेवली, सचिव रज्जाक अहमद उर्फ रज्जी, जयपाल फौजी बिशान, कासिम खान, राज्य प्रेस सचिव नरेश अरोड़ा, लियाकत अलि व कैशियर अजीत सिंह सहित अनेक कर्मचारी संगठित हुए और जिला उपायुक्त को अपना मांगपत्र सौंपा।

# काले कपड़े पहन कर सड़कों पर वोट फॉर ओपीएस के लगाए नारे




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिले भर के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारियों ने दोपहर बाद को शहर में पेंशन आक्रोश मार्च निकाला। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी काले कपड़े पहनकर मार्च में शामिल हुए। पैंशन आक्रोश मार्च नूह के वाईएमडी कॉलेज से लघु सचिवालय नूह तक पहुंचा। समापन पर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम नूह एसडीएम विशाल कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल न करने पर 1 सितंबर को मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी। मंच संचालन मास्टर अरशद नगीना एवम डॉ संजय खेड़ला ने किया।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला प्रधान मुनशेद खान एवम जिला संयोजक दिनेश गोयल के नेतृत्व में कर्मचारी काले कपड़े पहनकर एकत्रित हुए। इस दौरान मुख्य वक्ता पेंशन बहाली संघर्ष समिति के राज्य महासचिव ऋषि नैन ने कहा कि लोकसभा चुनावों से पहले पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने सरकार को चेताते हुए वोट फोर ओपीएस का नारा दिया था। सरकार के कानों पर इसकी कोई जूं नहीं रेंगी और इसका नतीजा सरकारी कर्मचारियों ने लोकसभा चुनावों में सरकार को दिखा दिया था। अगर आगे भी सरकार ने ओपीएस लागू नहीं की तो आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में एक बार फिर वोट फॉर ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारी वर्तमान पार्टी को सत्ता से बाहर करने में देर नहीं लगाएंगे। 1 सितंबर को पंचकूला में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

जिला महासचिव राजेन्द्र छौपा ने बताया की आक्रोश मार्च से पहले कर्मचारी नूह के वाईएमडी कॉलेज में इक्कठे हुए और सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए जमकर नारेबाजी की ओर सरकार को चेताया की अगर विशेष सत्र बुलाकर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की मांग को पुरा नहीं किया तो वर्तमान सरकार को आगामी विधानसभा में मुंह की खानी पड़ेगी।

**विपक्ष उपनेता आफताब अहमद ने पेंशन की मांग को जायज ठहराया**

इस दौरान नूह कांग्रेस पार्टी के विधायक आफताब अहमद ने मौके पर पहुंच कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराया। उन्होंने आगामी विधानसभा में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली के अपने वादे को फिर से दोहराया और कहा कि पुरानी पेंशन सामाजिक सुरक्षा का मुद्दा है जिससे कांग्रेस पार्टी सरकार बनते ही बहाल करेंगी।

राज्य महासचिव ऋषि नैन ने आह्वान किया कि जिले के समस्त कर्मचारी पंचकूला में एक सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव पहुंचे। जिला प्रधान मुनशेद खान ने कहा कि एक सितंबर को जिले से सबसे ज्यादा संख्या में कर्मचारी सैकड़ों बसों व अपने निजी वाहनों से पंचकुला में होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव में पहुंचेंगे। महिला प्रधान राजो देवी एवम दीप्ति रानी ने कहा कि इस बार महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा होगी।

भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने आक्रोश मार्च में पहुंचकर कहा की ये सरकार किसान, मजदूर, कर्मचारीयों की सरकार नहीं पूंजीपतियों की सरकार है जिसने हर वर्ग को परेशान किया हुआ। आमजन को फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी वहीं आज युवाओं को हरियाणा कौशल रोजगार का एक लोलिपॉप दे रही है जो युवाओं के भविष्य को खत्म करेगा। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की लंबित मांग को पुरी तरह से समर्थन करता हैं।

पेंशन आक्रोश मार्च में जिला कार्यकरिणी के साथ खंड प्रधान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर, रेवाड़ी प्रधान जितेन्द्र यादव,प्रोफेसर बलरामआर्य, गुरुग्राम प्रधान सुशील कटारिया, डॉ अरविंद, राज्य ऑडिटर विजय भुना, मैडिकल कॉलेज से दीप्ति, राजो देवी, कमल, जितेन्द्र गुलिया, डॉ शिब्बादता, शबनम, कविता, सलाह प्रधान जोगिंदर सोनी, विद्यालय अध्यापक संघ प्रधान फूल कुमार, दिनेश गोयल, विनोद कौशिक, जाकिर सेहरावत, शमसेर लौरा, सतपाल, झिरका से प्रधान सुनिल, रेवती रमण, ओमवीर मास्टर, डॉक्टर संजय खेड़ला, सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजुद रहे।

# भाजपा के दस साल के कार्यकाल में बल्लभगढ़ की हालत दयनीय हो गई : शारदा राठौर

## घोटालों और भ्रष्टाचार की वजह से हर तरफ समस्याओं का अंबार लगा हुआ

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक कु. शारदा राठौर ने कहा है कि भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में बल्लभगढ़ शहर की हालत दयनीय हो गई है। प्रशासन पूरी तरह नकारा हो चुका है। सत्ताधारी नेता जन समस्याओं के प्रति नकारात्मक और उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। जिसकी वजह से जनता मूलभूत सुविधाएं पाने को भी तरस गई है। अगर शहर के हालात पर नजर डाली जाए तो भाजपा के खोखले दावों की पोल खुलती चली जाएगी। घोटालों और भ्रष्टाचार की वजह से हर तरफ समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।




पूर्व विधायक शारदा राठौर अपने मोहना रोड स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होकर यह आरोप लगा रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जन सरोकार से जुड़े मुद्दों का समाधान ही नहीं करना चाहते। क्योंकि यहां के मंत्री को होटल खोलने से फुर्सत ही नहीं है। इनकी स्तरहीन राजनीति की वजह से ही नगर निगम का चुनाव 3 साल से लटका हुआ है। जन समस्याओं को लेकर बल्लभगढ़ की जनता भाजपा नेताओं से सवाल पूछ कर हिसाब मांग रही है।

पूरे शहर को कूड़ा घर में तब्दील कर दिया गया है। जगह-जगह कूड़े कचरे के ढेर लगे हुए हैं। पूरे शहर की सीवर लाईने जाम है और सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है जिससे बीमारियां फैल रही हैं। अधिकतर जगहों पर पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है, लोग खरीद कर पानी पीने को मजबूर हैं। शहर में जल भराव की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। पानी की निकासी को लेकर सरकार की कोई योजना नहीं है। बिजली कट से जनता त्रस्त है। काफी जगहो पर बिजली के तार लटके हुए हैं, जिसकी वजह से जान माल का खतरा बना रहता है। अधिकतर कॉलोनियों में आंतरिक सड़कें टूटी हुई हैं। शहर के सभी मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था चौपट रहती है। लोग जाम में फंसे रहते हैं। अपराध चरम सीमा पर हैं। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास ही नहीं रहा। सभी सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। सरकारी संरक्षण में नशे का अवैध कारोबार हमारे युवाओं का भविष्य खराब कर रहा है। सार्वजनिक परिवहन सेवा तो पूरी तरह से फेल है पर अवैध बसें धड़ल्ले से चल रही है। लोगों को सरकारी डिपो से राशन नहीं मिल रहा है। अधिकतर सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की कमी है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर व दवाइयों की कमी है। वहां सिर्फ एमएलआर काटने का काम होता है। हाईवे पर पर्याप्त फुट ओवर ब्रिज नहीं बनाए गए। पूरे शहर में लावारिस पशु गंदगी खाते घूमते रहते हैं ये पशु लोगों को सींग भी मारते हैं। गौशालाओं में पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जा रही। गौंछी ड्रेन व गुड़गांव ड्रेन की सफाई की कोई योजना नहीं है। शहर की चारों दिशाओं में टोल टैक्स बढ़ाकर, लोगों की जेब काटने का काम किया जा रहा है। जो भी सड़कें बनी हैं वहां इंटरलॉकिंग नहीं लगाते। लेवल का ध्यान नहीं रखते जिससे बहुत से घर सड़कों से नीचे हो गए हैं। बहुत जगहों पर सीवर के मेनहोल के ढक्कन टूटे हुए हैं। पार्कों की हालत खस्ता हो गई है। स्लम बस्तियों में कोई सुविधा नहीं दी जा रही। मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी तो बढ़ाई नहीं पर काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 कर दिए। नगर निगम घोटाला शहर के माथे पर कलंक है। राजनेताओं के संरक्षण में हुए इस घोटाले में आज तक 1 रुपए की भी रिकवरी नहीं हुई है। अभी भी घोटालों का सिलसिला थमा नहीं है।

## नन्द किशोर नागर बने कन्डेरे समाज समिति हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** कन्डेरे समाज समिति की एक आवश्यक बैठक नन्द किशोर कन्डेरे के कार्यालय सैक्टर-56 में राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चंद कन्डेरा की उपस्थिति में हुई। जिसमें बाल किशन कन्डेरे ने प्रस्ताव रखा कि नन्द किशोर नागर को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया जाए। जिस पर सर्व सम्मति से नन्द किशोर नागर को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चंद कन्डेरा के द्वारा नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया, साथ ही बाल किशन कन्डेरे को राष्ट्रीय संयुक्त लेखा परीक्षक का पदभार सौंपा। इस अवसर पर शिव कुमार कन्डेरे, कैलाश कन्डेरे, अशोक कुमार कन्डेरे, रामनिवास कन्डेरे, संतोष कन्डेरे, राजेन्द्र कन्डेरे, देशराज कन्डेरे, नरेन्द्र कुमार नागर कन्डेरे, बृजमोहन कन्डेरे, सुरेश कन्डेरे, शिवराम भाटी कन्डेरे, लटूर सिंह कन्डेरे, रामप्रकाश कन्डेरे, परमाल सिंह कन्डेरे, नंदराम कन्डेरे, हरिओम कन्डेरे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शूटिंग पर ध्यान दिलाने के लिए सीएम से मिले विधायक राजेश नागर



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** ओलंपियन शूटर सिंहराज अधाना ने विधायक राजेश नागर की उपस्थिति में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सीएम को बताया कि खेल विभाग हरियाणा शूटिंग खेल की अनदेखी कर रहा है। जिस पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि हरियाणा राज्य हर खेलों में अव्वल होने के कारण ओलंपिक, एशियाई खेलों, कॉमन वेल्थ खेलों जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में मेडल ला रहा है और इसमें शूटिंग खेल का बहुत बड़ा योगदान है, परंतु देखने में आ रहा है कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा इस खेल की लगातार अनदेखी की जा रही है। अधाना ने बताया कि हमारे बच्चों को पिछले 3 वर्षों से नगद इनाम नहीं दिया गया हैए जिसके कारण बच्चों को खेल आगे जारी रखने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे ज्यादातर खिलाड़ी ग्रामीण परिवेश से हैं और शूटिंग एक बहुत ही महंगा खेल है। ऐसे में हमें सरकार से अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है। उन्होंने खिलाड़ियों की इनाम राशि जल्द से जल्द दिलवाने की मांग रखी, वहीं हरियाणा सरकार की पॉलिसी अनुसार अन्य खेलों के साथ-साथ शूटिंग के खिलाड़ियों को भी आरक्षण देने की मांग की। सीएम नायब सिंह सैनी ने उन्हें बेहतर परिणाम मिलने की बात कही। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति देश में सर्वोत्तम है। जिसकी सभी प्रशंसा करते हैं। ऐसे में जो भी अच्छे सुझाव आयेंगे, उसे हमारी सरकार मानने के सहर्ष तैयार रहती है।

## मध्यमवर्गीय परिवार के लिए मील का पत्थर साबित होगा बजट : दीपक डागर

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने मोदी सरकार-3.0 द्वारा पेश किए गए बजट को दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी करार देते हुए इसे जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट देश के सर्वांगीण विकास में मदद करेगा और विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। श्री डागर ने कहा कि बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई, किसान और मध्यम वर्ग का पूरा-पूरा ख्याल रखा है। वहीं अगले 5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं के रोजगार देने वाले इस बजट का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करते हुए विकसित भारत की रूपरेखा तैयार करेगा। दीपक डागर ने कहा कि बजट में कैंसर दवा भी सरकार ने सस्ती की है वहीं 'मेडिसिन और मेडिकल कैंसर पेशेंट को राहत देने के लिए 3 दवाओं पर पूरी तरह कस्टम ड्यूटी हटाई दी है। इसके अलावा 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाने की योजना दूरदर्शी योजना है वहीं दाल और दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए प्रोडक्शन, स्टोरेज और मार्केटिंग पर फोकस करना मोदी सरकार के विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को मजबूत करेगा।श्री डागर ने कहा कि बजट में मोदी सरकार ने नौकरी-पेशा वालों को भी बड़ी राहत दी है। अब 3 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण पर मोदी सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए बजट में 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बजट में सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 युनिट तक हर महीने बिजली की गारंटी दी है इससे गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम का ऐलान युवाओं के भविष्य के लिए सरकार का बड़ा कदम है।

## बजट विकसित भारत के सपने को साकार करेगा : अनिल प्रताप सिंह

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी अनिल प्रताप सिंह ने मंगलवार को पेश किए गए वर्ष 2024-2025 के बजट को दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी करार देते हुए इसे जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट देश के सर्वांगीण विकास में मदद करेगा और विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग का पूरा-पूरा ख्याल रखा है।5 साल में 4.1 करोड़ युवाओं के रोजगार देने वाला यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को पूरा करते हुए विकसित भारत की रूपरेखा तैयार करेगा। अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि बजट में मोदी सरकार ने नौकरी-पेशा वालों को भी बड़ी राहत दी है। अब 3 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण पर मोदी सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए बजट में 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि कैंसर दवा भी सरकार ने सस्ती की है। मेडिसिन और मेडिकल कैंसर पेशेंट को राहत देने के लिए 3 दवाओं पर पूरी तरह कस्टम ड्यूटी हटाई दी है। इसके अलावा 6 करोड़ किसानों की जानकारी लैंड रजिस्ट्री पर लाने की योजना दूरदर्शी योजना है। उन्होनें कहा कि सोना जो मिडिल क्लास लोगों की पहुंच से दूर हो गया था अब इस बजट के बाद मिडिल क्लास शादी व्याह और शुभ महुर्त में देने के लिए इसकी खरीदारी खुशी खुशी कर सकेगें।

# लेजर वैली पार्क में फुव्वारे लगाने एंव सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू : विधायक नीरज शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा ने लेजर वैली पार्क का दौरा कर वहां हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पार्क के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश निर्गत किए।



निरीक्षण के दौरान विधायक नीरज ने कहा कि लेजर वैली पार्क को शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल किया जाएगा और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सौंदर्यकरण कार्य को समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए ताकि स्थानीय नागरिक और पर्यटक इसका लाभ उठा सकें।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण के द्वारा फुव्वारे लगाने का कार्य ठेकेदार को अलाट किया हुआ है लेकिन कार्य शुरू नही हुआ था। अब ठेकेदार के द्वारा फुव्वारे लगाने का काम शुरू कर दिया है और जल्द से जल्द यह कार्य पूरा होगा और लेजर वैली पार्क का एक नया स्वरूप देखने को मिलेगा।

ज्ञात हो कि एनआईटी विधानसभा में डबुआ कालोनी स्थित लेजर वैली पार्क का निर्माण पूर्व मंत्री स्व: बाबा पंडित शिवचरण लाल शर्मा ने अपने कार्यकाल में करवा था। इससे एनआईटी विधानसभा के क्षेत्र के लोगो को काफी फायदा पहुंचा था लेकिन 2014 के बाद पार्क की हालत बद से बदतर हो गई। विधायक नीरज शर्मा ने विधायक ग्रांट से भी पार्क की रिपेयरिंग के लिए 16 लाख रू दिए थे।

निरीक्षण के इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक नीरज शर्मा के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि पार्क के सौंदर्यकरण से क्षेत्र का विकास और तेजी से होगा। लेजर वैली पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों में नए पौधों का रोपण आधुनिक बेंचों की स्थापना, जल निकासी प्रणाली का सुधार और बच्चों के लिए खेल के मैदान का निर्माण शामिल है। इस दौरान विधायक नीरज शर्मा ने साथ कार्यकारी अभियंता देवेन्द्र, कनिष्ठ अभियंता दिनेश, ठेकेदार एंव देशराज शर्मा उपस्थित रहे।

# अग्रवाल महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हुआ पौधारोपण

समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लबगढ़।** बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि अग्रवाल कॉलेज में गत 22 जुलाई सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के प्रधान देवेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉलेज के महासचिव एडवोकेट दिनेश गुप्ता व कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के कर कमलों से इस मुहीम की शुरूआत की गई। प्रधान ने 5 अगस्त, 2024 तक वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि कॉलेज का हर एक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी एक पौधा लगाएगा व उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेगा। इसी क्रम में आज 24 जुलाई को कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता की उपस्थिति में रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी के सदस्यों और वालंटियर्स ने भी कॉलेज परिसर में अनेकों पेड़ लगाए। इन पौधों में नीम, पीपल, जामुन, आम, नींबू आदि पौधे शामिल थे द्य प्राचार्य जी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्तागण रेड रिबन क्लब की ओवरऑल कन्वीनर डॉ० गीता गुप्ता व स्वच्छता सेनानी के संयोजक डॉ० अशोक कुमार निराला, डॉ० रितु रेड रिबन क्लब के कॉर्डिनेटर डॉ.रेखा सैन, श्रीमती त्रिमेश कालरा, लवकेश व रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी क्लब के लगभग 30 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी पहुंचे फरीदाबाद

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** संविधान रक्षक अभियान को लेकर अनुसूचित जाति विभाग लगातार प्रदेशभर में अभियान को गति दे रहा है। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी हर जिले में जाकर विभाग के पदाधिकरियो की मीटिंग लेकर चर्चा कर रहे हैं। फरीदाबाद में विभाग के पदाधिकारी की एक बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनोज बागड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने संविधान रक्षक अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी के साथ बैठक की। मनोज बागड़ी ने कहा कि मौजूदा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है लेकिन कांग्रेस पार्टी संविधान को किसी भी सूरत में कमजोर नहीं होने देगी लगातार कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी व विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया के साथ मिलकर इस अभियान को गति दे रही है। बागड़ी ने कहा कि बीजेपी देश व प्रदेश में जात-पात और धर्म का जहर घोल रही है, लेकिन कांग्रेस के लिए संविधान की रक्षा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुन्दर सिंह व पलवल जिला अध्यक्ष शुगर सिंह, महासचिव कृपाल वाल्मीकि व सुकबीर करोतिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बल्लभगढ़ व्यापारीयों ने चंडीगढ़ निवास पर की मुलाकात



समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर जहां तैयारी चल रही है वहीं मंत्री जी व विधायकों का चंडीगढ़ आना-जाना लगा हुआ है। इसी बीच हरियाणा निवास पर माननीय कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा जी से मुलाकात करने बल्लभगढ़ शहर के गणमान्य व्यापारीगण पहुंचे इस मौके पर फरीदाबाद से विधायक श्री नरेंद्र गुप्ता भी वहां मौजूद थे। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान भगवान दास गोयल व्यापारियों गण सहित काफी संख्या में व्यापारियों ने मंत्री मूलचंद शर्मा व विधायक नरेंद्र गुप्ता को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और व्यापारी समस्याओं से अवगत कराया व आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा भी की।

# केजरीवाल की गारंटी पत्थर की लकीर : पं. राजेंद्र शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री पंडित राजेंद्र शर्मा के संयोजन में ओल्ड फरीदाबाद 89 विधानसभा से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के तहत पंडित राजेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी, पूर्व पार्षद प्रवेश मेहता आदि ने घर-घर जाकर लोगों को केजरीवाल पांच गारंटियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर पंडित राजेंद्र शर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गारंटी पत्थर की लकीर है, जो गारंटियां उन्होंने दिल्ली में दी वह पूरी की और पंजाब में भी पांच गारंटियां पूरी करके दिखाई, अब हरियाणा की बारी है, अगर हरियाणा के लोग कांग्रेस-भाजपा जैसी जनविरोधी पार्टियों से पीछा छुड़ाना चाहते है तो केजरीवाल को मौका दे और आम आदमी पार्टी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों का शोषण किया है, उन्हें वोटबैंक के रुप में इस्तेमाल करके केवल महंगाई और भ्रष्टाचार की सौगात दी है, लेकिन अब समय आ गया है, जब लोगों का इस जनविरोधी सरकार को उखाडने. के लिए लामबंद होना होगा। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने अरविंद केजरीवाल की पांच गारंटियों का जिक्र करते हुए कहा कि चौबीस घण्टे मुफ्त बिजली, मुफ्त और बेहतर इलाज, विश्व स्तरीय शिक्षा, महिलाओं को एक हजार रूपए सम्मान राशि तथा युवाओं को रोजगार यह सब आम आदमी पार्टी हरियाणा में सरकार बनने पर लागू करेगी। उन्होंने कहा कि अब समय बदलाव का है और आज पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी की ओर जनता उम्मीद भी नजरों से देख रही है इसलिए आम आदमी पार्टी के साथ जुड़कर केजरीवाल जी को मजबूत करने का काम करें। अभियान के तहत आप नेताओं ने एनआईटी में भी घर-घर जाकर दस्तक दी और लोगों को केजरीवाल की नीतियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर विजय गोदारा, नरेश शर्मा, मामचंद पवार, इशांत गोपाल, काजल, सुरेंद्र कौर, सुनीता, देवराज गौड़, तमाम बल्लभगढ़ से रविन्द्र फौजदार, एनआईटी से रवि डागर, सुदेश राणा सहित अनेकों आप कार्यकर्ता मौजूद थे।



## एडिटर की कलम से....

# युवा शक्ति का खयाल, अगले दौर के सुधारों का वादा



नरवीर यादव
एसोसिएट एडिटर

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में जिस एक मुद्दे पर काफी ध्यान दिया गया है, वह है युवाओं को रोजगार। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2 लाख करोड़ के खर्च से तीन योजनाएं शुरू करने का वादा किया है, जिनसे 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा होने का दावा किया गया है। इनमें रोजगार के साथ कौशल विकास भी शामिल है। कौशल विकास के लिए देश की 500 बड़ी कंपनियों में 5 साल में 1 करोड़ युवाओं की इंटर्नशिप का प्रस्ताव रखा गया है। इस योजना को कामयाब बनाने के लिए सरकार अपनी ओर से आर्थिक मदद तो देगी ही, कंपनियों को भी CSR फंड से ट्रेनिंग पर खर्च करने की इजाजत दी गई है।

### लोकसभा चुनाव के सबक

पिछले लोकसभा चुनाव में BJP को कुछ राज्यों में रोजगार के मुद्दे पर युवाओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है, उससे सबक सीखते हुए ठऊअ सरकार ने इन योजनाओं का एलान किया है। इसके साथ, ठऊअ सहयोगियों JDU और TDP को भी बजट घोषणाओं के जरिये खुश करने की कोशिश दिखी।

### मध्य वर्ग को राहत

अंतरिम बजट के बाद मध्य वर्ग को भी रियायतें नहीं मिलने की शिकायत आई थी। वित्त मंत्री ने 2024-25 के पूर्ण बजट में उसे भी दूर किया है। उन्होंने सैलरीड एंप्लॉयीज के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की रकम 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने के साथ न्यू टैक्स रिजीम के टैक्स स्लैब में बदलाव करके इस वर्ग को राहत दी है। पिछले वित्त वर्ष में दो तिहाई टैक्सपेयर्स न्यू टैक्स रिजीम में थे, इसलिए इसका फायदा काफी लोगों को मिलेगा। आशा है कि इससे कंजम्पशन को बढ़ावा मिलेगा।

### शहरी गरीबों की सुध

इसके साथ अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को घर के मद में सरकार 2.2 लाख करोड़ रुपये की मदद देगी, जबकि इस पर कुल खर्च 10 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है।

### इंफ्रा पर फोकस

पिछले कई बजट से इस सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर फोकस बना रहा है। वित्त मंत्री ने इसके लिए 11.11 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रस्ताव रखा है, जो GDP का 3.4% है। पिछले वर्षों में कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी की वजह से ही देश की आर्थिक विकास दर ऊंची बनी हुई है।

### राज्यों को मदद

इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का फोकस इस बात से भी जाहिर होता है कि वित्त मंत्री ने आने वाले 5 वर्षों में इस क्षेत्र के लिए मजबूत वित्तीय मदद मुहैया कराने का वादा किया। इस सिलसिले में केंद्र की ओर से राज्यों को भी वित्तीय मदद जारी रहेगी। वित्त मंत्री ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष में राज्यों के लिए 1.5 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त कर्ज का प्रावधान किया जा रहा है।

### निवेशकों पर टैक्स बढ़ा

वहीं, बजट में शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी के एलान के बाद बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में अच्छी गिरावट आई थी, लेकिन जब बाजार बंद हुआ, तब ये कमोबेश सोमवार के लेवल के करीब रहे। हालांकि, मिड कैप और स्मॉल कैप सूचकांक में कमजोरी कुछ ज्यादा रही। फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस पर भी टैक्स में बढ़ोतरी हुई है, जिसके बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, कुछ फाइनैंशल असेट्स पर कैपिटल गेन्स से छूट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना किया गया है।

### उद्यमिता को बढ़ावा

यूं तो निवेशकों को टैक्स बढ़ने से निराशा हुई है, लेकिन फिस्कल कंसॉलिडेशन जारी रहने से खासतौर पर विदेशी निवेशक और रेटिंग एजेंसियां खुश होंगी। वहीं, वित्त मंत्री ने एंजेल टैक्स खत्म करने का एलान किया है, जो स्टार्टअप्स निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। इसके साथ वित्त मंत्री ने अगले दौर के रिफॉर्म्स का भी वादा किया है। अगर वह लैंड और लेबर जैसे क्षेत्रों में रिफॉर्म्स के वादे को पूरा कर पाती हैं तो उससे निश्चय ही ग्रोथ की रफ्तार तेज होगी।

### रोजगार है अहम

आर्थिक सर्वे में इस तथ्य को अच्छी तरह रेखांकित किया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार सृजन की चुनौती कितनी अहम है। वर्कफोर्स में कृषि क्षेत्र का हिस्सा आने वाले वर्षों में कम ही होते जाना है। 2023 के 45.8% से घटते हुए 2047 तक यह 25% पर आने का अनुमान है। ऐसे में अगर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य हासिल करना है तो बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना होगा। आर्थिक सर्वे में हिसाब लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को साल 2030 तक सालाना 78.5 लाख रोजगार पैदा करने होंगे।

### सामाजिक सुरक्षा

ध्यान रहे, पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र और गिग इकॉनमी में ही रोजगार बढ़े हैं। इनमें कृषि क्षेत्र तो छिपी हुई बेरोजगारी के लिए जाना जाता है। फिर यहां हालात तेजी से पलट रहे हैं। निर्माण क्षेत्र में रोजगार अनियमित होते हैं तो गिग इकॉनमी के कामों में असुरक्षा रहती है। अगर देश में गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगारों का सृजन करना है और वर्कफोर्स को सुरक्षा तथा निश्चितता देनी है तो ढछक (प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव), मित्रा टेक्सटाइल और मुद्रा जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के अलावा उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जो न सिर्फ ज्यादा रोजगार दें बल्कि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

### महंगाई पर काबू

महंगाई एक और बड़ी चुनौती है जिससे निपटना जरूरी है। देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5.1% के स्तर पर है तो खाद्य महंगाई दर 9.5% पर। हालांकि महंगाई की चुनौती लगातार बने रहने के पीछे महामारी और युद्ध से उपजे हालात के अलावा पिछले दो वर्षों के प्रतिकूल मौसम का भी हाथ रहा है, लेकिन इसे अनदेखा करने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। सरकार और रिजर्व बैंक को इसके लिए तात्कालिक और दूरगामी दोनों ही स्तरों पर कदम उठाने होंगे।

# बजट में रेलवे को मिले 2,62,200 करोड़

नई दिल्ली। देशभर में जिस तरह से पिछले कुछ समय से किसी ना किसी वजह से ट्रेन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उसे कंट्रोल करने की प्राथमिकता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट में देखने को मिली। बजट में रेलवे को रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जिसमें एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का एक बड़ा हिस्सा रेलवे की सेफ्टी संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए दिया गया है। जिसमें कवच लगाना भी शामिल है। ताकि ट्रेनों की भिड़ंत को रोका जा सके।

हालांकि, रेल यात्रियों का कहना है कि जिस तरह से उन्हें लग रहा था कि बजट में बुजुर्गों के लिए पहले की तरह डिस्काउंट, वेटिंग लिस्ट खत्म करने और यात्री सुविधाओं के लिए कुछ ऐलान किया जा सकता है। वह तो नहीं हुआ, लेकिन फिर भी यह अच्छा है कि बजट में रेल यात्रियों की सेफ्टी के लिए बड़ा खर्चा रेलवे करेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट की मुख्य बातों की जानकारी देते हुए बताया कि 2014 से पहले के 60 सालों की बात की जाए तो रेलवे में मात्र 20 हजार किलोमीटर लाइनों का ही इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में इन 10 साल में 40 हजार किलोमीटर रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर




दिया गया है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड अलोकेशन के बारे में रेल मंत्री ने बताया कि 2104 के समय यह 35 हजार करोड़ रुपये हुआ करताट्रैक की बात की जाए तो 2014 में प्रतिदिन करीब चार किलोमीटर रेलवे लाइन बिछाई जाती थी। जो आज के समय बढ़कर हर दिन 14 किलोमीटर से अधिक बिछाई जा रही है। यात्रियों को अधिक से अधिक ट्रेन

**2014 से पहले के 60 सालों की बात की जाए तो रेलवे में मात्र 20 हजार किलोमीटर लाइनों का ही इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में इन 10 साल में 40 हजार किलोमीटर रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर दिया गया है।**

मिले। इसके लिए अधिक से अधिक ट्रेनों को बनाने की तरह जोर दिया जा रहा है। बीते वित्त-वर्ष में देशभर में रेलवे से 700 करोड़ से अधिक लोगों ने सफर किया है। रेलवे पर दबाव बढ़ता हा रहा है। इसके लिए चालू वित्त वर्ष में 2,500 अतिरिक्त जनरल कोच बनाने की तरफ काम किया जा रहा है। जिसे आने वाले समय में 10 हजार जनरल कोच तक बढ़ाया जाएगा।था। जो आज के समय बढ़कर दो लाख 62 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। बजट के बड़े हिस्से को रेलवे सेफ्टी पर खर्च करेगा। जिसमें कवच लगाना तो प्राथमिकता रहेगी ही साथ ही पुराने ट्रैक की जगह नए ट्रैक बिछाना, सिग्नलिंग सिस्टम को इंप्रूव करना, नए ट्रैक बिछाना, डबल लाइनों को जरूरत के मुताबिक और बढ़ाना, फ्लाईओवर और अंडरपास बनाना, नई तकनीक लाने समेत सेफ्टी से संबंधित अन्य तमाम चीजों पर पैसा खर्च किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वंदे भारत, वंदे मेट्रो, अमृत भारत और अन्य नए तरह के कोच बनाने की तरफ लगातार काम किया जा रहा है। कवच के बारे में जानकारी देते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में कभी इस बारे में सोचा ही नहीं गया। जबकि दुनिया में यह तकनीक 1980-1990 में आ गई थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के बाद कवच पर काम किया गया। उन्होंने रेलवे में जॉब कम मिलने के सवाल पर दावा किया कि वढअ शासनकाल में 4.11 लाख बेरोजगारों को नौकरियां दी गई थी। जबकि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के शासनकाल में करीब पांच लाख युवाओं को जॉब दी गई।

# ऑनलाइन खाना मंगाना हुआ महंगा !

Jio Airtel के बाद Zomoto Swiggy ने डाला बोझ, जाने कितने रुपये बढ़ी कीमतमोबाइल रिचार्ज के बाद ऑनलाइन खाना मंगाना महंगा हो गया है। ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप Zomoto और Swiggy ने दिल्ली और बैंगलुरू में अपने चार्ज में 20 फीसद तक की बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। इससे पहले टेलिकॉम ऑपरेटर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया की ओर से ग्राहकों पर एवरेज रेवेन्यू पर यूजर यानी ARPU में इजाफे का बोझ डाला गया था। इसमें भी करीब 20 फीसद तक चार्ज बढ़ा दिया गया था।




Zomoto और Swiggy यूजर्स से हर एक आर्डर पर दिल्ली और बैंग्लुरू मे 6 रुपये प्लेटफॉर्म चार्ज वसूला जाएगा, जो पहले तक 5 रुपये हुआ करती थी। वहीं, बैंग्लुरू में Swiggy ने पहले 7 रुपये प्लेटफॉर्म फीस चार्ज करने का टीजर जारी किया था, लेकिन ग्राहकों की नाराजगी के बाद स्विगी की ओर पहले की तरह 6 रुपये चार्ज वसूला गया। बता दें कि इन दोनों ऑनलाइन फूड ऑर्डर कंपनियों की ओर से प्लेटफॉर्म फीस को पिछले साल पेश किया गया था, जो शुरूआत में 2 रुपये प्रति ऑर्डर रखा गया था, जिसे पिछले एक साल में बढ़ाकर 6 रुपये कर दिया गया है।

**जिस तरह से जियो और एयरटेल का टेलिकॉम मार्केट में पूरी तरह से कब्जा है। उसी तरह से स्विगी और जोमैटो का ऑनलाइन फूड ऑर्डर सेक्टर में पूरी तरह से कंट्रोल है। जोमैटो का मार्केट शेयर करीब 55 फीसद है, जबकि स्विगी का मार्केट शेयर करीब 44 फीसद है।**

जिस तरह से जियो और एयरटेल का टेलिकॉम मार्केट में पूरी तरह से कब्जा है। उसी तरह से स्विगी और जोमैटो का ऑनलाइन फूड ऑर्डर सेक्टर में पूरी तरह से कंट्रोल है। जोमैटो का मार्केट शेयर करीब 55 फीसद है, जबकि स्विगी का मार्केट शेयर करीब 44 फीसद है। मतलब ऑनलाइन फूड ऑर्डर मार्केट के करीब 99 फीसद पर इन्हीं दोनों कंपनियों का कब्जा है।

ऑनलाइन फूड ऑर्डर प्लेटफॉर्म की स्विगी और जोमैटो की ओर से कई बार रेट्स बढ़ाने की कोशिश की गई है। इससे पहले जनवरी में स्विगी और जोमैटो ने चुनिंदा यूजर्स के लिए प्लेटफॉर्म फीस 10 रुपये कर दिया गया, जो 3 रुपये के मुकाबले काफी ज्यादा है।

हालांकि यूजर्स के 10 रुपये चार्ज कभी लिया नहीं गया। यूजर्स को 10 रुपये फीस दिखाया गया, लेकिन डिस्काउंट के बाद 5 रुपये लिए गए। इससे पहले अप्रैल में स्विगी और जोमैटो ने कुछ मार्केट में फीस को 4 रुपये से 5 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया।

## आयुर्वेदिक इलाज

# एसिडिटी को दिमाग तक नहीं चढ़ने देंगे 6 उपाय



खाना पचाने के लिए पेट एसिड बनाता है। जब यह एसिड पेट से निकलकर खाने की नली में वापिस चढ़ता है तो उसे गैस्ट्रोइसोफेगियल रिफलक्स डिजीज कहते हैं। इसकी वजह से हाइपर एसिडिटी होती है और बार-बार एसिड सीने में चढ़ता है। सीने में जलन इसका सबसे आम लक्षण है। गट से दिमाग का रस्ता भी जाता है जिसकी वजह से एसिडिटी दिमाग पर चढ़ने लगती है और भयानक सिरदर्द होता है।

### केला

केले को नेचुरल एंटासिड कहते हैं। इससे पेट का एसिड कम किया जा सकता है। जॉन हॉप्किन्स के मुताबिक इसकी तासीर अल्कलाइन होती है। इसमें मौजूद फाइबर और पोटैशियम पेट की गैस को कम करते हैं और पाचन को सुधारते हैं।

### दही

दही में हेल्दी प्रोबायोटिक्स होते हैं। यह पेट और आंतों को हेल्दी बनाते हैं जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ बनता हैं। यह फूड एसिडिटी को कंट्रोल करते हैं। दही पेट की जलन को कम करने में भी मददगार है।

### ओटमील

ओटमील में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। हाइपर एसिडिटी कम करके डायजेशन बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है। यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है और एसिड रिफलक्स को रोकता है।

### अदरक

अदरक भी एक नेचुरल एंटासिड है। इसमें इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह पेट के एसिड और सूजन को कम करने में सहायक है। इसका सेवन पूरे शरीर को फायदा पहुंचाता है।

### तरबूज

तरबूज में पानी की मात्रा काफी होती है और यह पेट को ठंडक पहुंचाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्टमक एसिड को कंट्रोल करने में मदद करके डायजेशन सुधारते हैं।

# शरीर से निकल चुकी थी आत्मा, फिर भी श्रीकृष्ण यमलोक से खींच लाए इन लोगों के प्राण

महाभारत को केवल कौरव और पांडव का युद्ध ही नहीं माना जाता बल्कि श्रीकृष्ण के चमत्कारों के लिए भी याद किया जाता है। कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर श्रीकृष्ण ने शस्त्र नहीं उठाए लेकिन अर्जुन का सारथी बनकर कृष्ण ने उन्हें विजय रथ पर सवार जरूर कर दिया। महाभारत और कई पौराणिक कहानियों में श्रीकृष्ण के कई चमत्कारों का उल्लेख किया गया है। अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को जीवित करने की कहानी बहुत प्रचलित है लेकिन क्या आप जानते है कि परीक्षित के अलावा भी श्रीकृष्ण ने इन लोगों को जिंदा किया था। आइए, जानते हैं महाभारत की यह अद्भुत कहानी।

### अर्जुन की मृत्यु उनके पुत्र के हाथों हो चुकी थी

अर्जुन की चौथी पत्नी नागकन्या उलूपी थी। नियम के अनुसार जब द्रौपदी युधिष्ठिर के कक्ष में थी, तो अर्जुन ने गलती से उनके कक्ष में चला गया था। इस कारण से नियम के अनुसार अर्जुन को एक वर्ष का दंड मिला और उन्हें राज्य छोड़कर जाना पड़ा था। तब अर्जुन नागलोक में उलूपी से मिले थे। इससे पहले अर्जुन की तीसरी पत्नी चित्रांगदा से एक पुत्र हुआ, जिसका नाम बभ्रुवाहन रखा गया लेकिन अर्जुन को नहीं पता था कि बभ्रुवाहन उसका पुत्र है। अश्वमेध यज्ञ के दौरान जब पांडवों ने घोड़ा छोड़ा, तो घोड़ा जाते-जाते मणिपुर राज्य में पहुंचा, जहां पर मणिपुर राज्य के राजा बभ्रुवाहन ने घोड़े को पकड़ लिया। इसके बाद अर्जुन भी वहां पहुंचे। जहां दोनों के बीच युद्ध हो गया। तब बभ्रुवाहन ने कामाख्या देवी का अस्त्र उठाकर अर्जुन का सिर धड़ से अलग कर दिया।



### नागमणि से श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवित किया

इस घटना के बाद नागकन्या उलूपी को ज्ञात हुआ कि अर्जुन अपने पुत्र के हाथों मारा जा चुका है। उलूपी घटनास्थल पर प्रकट हुई और अर्जुन के लिए विलाप करते हुए मदद के लिए प्रार्थना करने लगी। उलूपी की प्रार्थना श्रीकृष्ण तक पहुंची और कृष्ण उस जगह पर प्रकट हुए। अर्जुन की मृत अवस्था पर पड़े देखकर श्रीकृष्ण ने उलूपी से नागलोक से नागमणि लाने के लिए कहा। नागमणि और अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीकृष्ण ने अर्जुन का सिर धड़ से जोकर उन्हें फिर से जीवित कर दिया।

### उत्तरा के गर्भ में मर चुके परीक्षित को बचाया

अश्वत्थामा को जब अपने पिता द्रोणाचार्य की मृत्यु का समाचार मिला, तो अश्वत्थामा को बहुत क्रोध आया और उसने क्रोध में आकर पांडवों की तरफ ब्रह्मास्त्र चला दिया। श्रीकृष्ण ने जब ब्रह्मास्त्र को पांडवों की तरफ आते हुए देखा, तो उन्होंने ब्रह्मास्त्र को वापस अश्वत्थामा की तरफ मोड़ दिया। यह देखकर अश्वत्थामा घबरा गया और उसने अपनी जान बचाने के लिए ब्रह्मास्त्र को अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ की ओर मोड़ दिया। उत्तरा के गर्भ में एक अभिमन्यु का शिशु पल रहा था। ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से उस शिशु की मृत्यु हो गई। यह देखकर भगवान कृष्ण ने उस शिशु को फिर से जिंदा कर दिया और आगे जाकर इस शिशु ने राजा परीक्षित के रूप में पांडवों का शासन संभाला।

### कंस द्वारा मारे जा चुके देवकी के 6 पुत्रों को श्रीकृष्ण ने किया था जीवित

श्रीकृष्ण के भाइयों की कहानी पूर्वजन्म से जुड़ी हुई है। पूर्वजन्म में श्रीकृष्ण के 6 भाई कीर्तिमान, सुषेण, भद्रसेन, ऋजु, सम्मार्दन और भद्र ब्रह्मा जी पुत्र मरीचि के पुत्र थे। इसका अर्थ यह हुआ कि ये 6 भाई ब्रह्मा जी के पोते थे। ब्रह्मा जी स्नेहवश अपने पोतों की हर गलती को क्षमा कर देते थे, इस कारण से 6 भाइयों को अहंकार हो गया और वे उत्पात मचाने लगे। यह देखकर ब्रह्मा जी क्रोधित हो गए और उन्होंने 6 भाइयों से कहा 'तुम किसी राक्षस की तरह उत्पात मचाते हो, इसलिए तुम्हारा अगला जन्म राक्षस योनि में ही होगा।' इस कारण से इन भाइयों का जन्म हिरण्यकश्यपु के कुल में हुआ। जहां मुक्ति पाने के लिए ये भाई भगवान विष्णु की आराधना करने लगे। इस कारण से हिरण्यकश्यपु के कुल से एक ओर शाप मिला कि जिस विष्णु की भक्ति में ये सारे भाई लगे हुए हैं, इनका जन्म उनके ही कुल में होगा लेकिन सारे एक असुर रूपी मनुष्य के हाथों मारे जाएंगे। इस शाप के कारण ही देवकी के गर्भ से इन भाइयों का जन्म हुआ और एक-एक करके सारे पुत्र असुरी स्वभाव के कंस के हाथों मारे गए। इस तरह बहुत वर्षों बाद जब श्रीकृष्ण अपनी माता देवकी से मिले, तो उन्होंने अपने 6 पुत्रों की मृत्यु का शोक जताते हुए उनके साथ ऐसा होने का कारण पूछा, ये सुनकर कृष्ण ने उन्हें सारी कहानी कह सुनाई। कहानी सुनकर देवकी माता ने अपने पुत्रों से मिलने की इच्छा जताई। तब श्रीकृष्ण अपनी मां की इच्छा पूरी करने के लिए यमराज के पास गए लेकिन यमराज ने कहा कि उनके भाइयों के प्राण उनके पास नहीं है। वो रसातल यानी पाताल लोक में राजा बलि के यहां हैं। तब श्रीकृष्ण पाताल लोक में गए और अपने भाइयों की आत्माओं को वहां से वापस लाकर सूक्ष्म शरीरों में प्रविष्ट किया और देवकी माता से मिलवाकर मोक्ष प्रदान किया।

# महंत रोशनपुरी ने कांवडियों के जत्थे को हरिद्वार से किया रवाना



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना क्षेत्र से हरिद्वार पंहुचे शिवभक्तों के जत्थे ने बाघेश्वर धाम बागोत के मंहत रोशनपुरी महाराज के सानिध्य में विधिवत रूप से कावंड उठा ली। इस पदयात्री जत्थे का नेतृत्व गुढा निवासी पत्रकार विजय कुमार शर्मा, राजीव सुलतानिया व दलीप सिंह कर रहे हैं। मंहत रोशनपुरी महाराज ने बताया कि कांवडियों के साथ रसद सामग्री व मैडीसन की गाडी है। ये जत्था 30 जुलाई को बागोत पंहुचेगा ओर उनकी ओर से 31 जुलाई एकादशी के दिन धूमधाम से प्राकंतिक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बाघेश्वर धाम में आयोजित विशाल मेले में प्रति वर्ष लाखों की संख्या में कांवड अर्पित की जाती हैं। लाखों रूपये की लागत से तैयार किए गए मंदिर के प्रवेश द्वार का हाल ही में उद्घाटन किया गया है। जिससे श्रधालुओं का आवागमन सुविधाजनक हुआ है वहीं सौंदर्यकरण भी हुआ है। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से समुचित प्रबंध किए जाते हैं। ईधर मेले के दृष्टिगत ग्राम पंचायत की ओर से दुकानों की तहबाजारी अलाट करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मेले में हरियाणा,दिल्ली,राजस्थान,पंजाब के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त शिरकत करते हैं। मेले में बिजली-पानी तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर जिला एवं उपमंडल प्रशासन मुस्तैद रहता है। अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल ड्रेस में महिला एवं पुरूष कर्मचारियों को डिप्लोयड किया जाता है। मुख्य मेला सावन की त्रयोदशी के दिन दो अगस्त को आयोजित होगा लेकिन एकादशी से कांवड अर्पित होना शुरू होगीं। इस मौके पर शिवभक्त विद्यानंद, मोनु, महिपाल नम्बरदार,महाराज प्रदीप पुरी, जोनी, मोती लाटा,मा.विनोद भारद्वाज,राजु उपस्थित थे।

**2 को हिंद केसरी कुश्ति दंगल का आयोजन :** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत में बने प्राचीन बाघेश्वर धाम, शिव धाम में आयोजित होने वाले कांवड मेले के दौरान विशाल हिंद केसरी कुश्ति दंगल का आयोजन होगा। धाम के मंहत रोशनपुरी,ग्राम सरपंच राजेंद्र व महिपाल नम्बरदार ने बताया कि 2 अगस्त को सांय 3 बजे शिवरात्री के दिन आयोजित होने वाले इस दंगल के मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह तथा समारोह की अध्यक्षता अटेली के हलका विधायक सीताराम यादव की होगी। दंगल में प्रथम स्थान पर रहने वाले पहलवान को एक लाख रूपये,द्वितीय को 51 हजार तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 31 हजार रूपये को नकद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने छापेमारी कर बवानिया में तीन युवकों से बरामद की स्मैक

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रेवाडी की यूनिट ने छापेमारी कर कनीना क्षेत्र से 3 युवकों को स्मैक के साथ काबू करने में सफलता हासिल की है। यूनिट के टीम ईंचार्ज एसआई बलवंत सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने बवानिया-सुंदरह रोड पर बाबा मोहनराम मंदिर के समीप छापेमारी की। जहां एक बाई लिए तीन युवक बैठे हुऐ थे। पुलिस कर्मचारियों को देखकर खिसकने लगे तो टीम ने उन्हें पकड लिया। युवकों की पहचान धनंजय उर्फ कालिया व साहिल वासी बवानिया,थाना सदर कनीना तथा कपिल देव उर्फ गोलिया वासी बचीनी, थाना सदर महेंद्रगढ के रूप में हुई। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ईटीओ राजबीर सिंह की उपस्थिति में उनकी तलाशी ली। धनन्जय उर्फ कालिया के पजामें की जेब से 47 प्लास्टिक पाऊच स्मैक,हैरोईन बरामद हुई। जिसका वजन किया तो 4.47 ग्राम हुआ। एचएसएनसीबी की टीम ने उपरोक्त युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

# कछुआ गति से हो रहे नाला निर्माण को लेकर बीच सडक पर बारिश का पानी जमा होने की संभावना बनी



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टटे हाईवे के दोनों ओर बनाए जा रहे ड्रेन निर्माण का कार्य कछुआ गति से चलने पर नागरिकों ने रोष जताया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से किए जा रहे इस नाला निर्माण को लेकर प्रबुध नागरिकों ने बिना जमींन की पैमाइश किए कार्य करने का आरोप लगाया है। कहीं दुकानों से सटाकर तो कहीं सडक से सटाकर नाला बनाया जा रहा है। नरेंद शास्त्री, दीपक कुमार, एडवोकेट मनोज शर्मा, कृष्ण सिंह, रणबीर सिंह, अशोक कुमार, सतबीर सिंह,जेपी व मा. राजेश कुमार ने नाले के लेवल, गहराई,मोटाई, चौडाई तथा मैटीरियल को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम प्रारंभ हो गया है। नाले की निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है जिससे बीच सडक पर जलभराव की संभावना बनी हुई है। लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की ओर से आनन-फानन में मर्जी मुताबिक नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि नाले निर्माण कार्य का अवलोकन कर लोक निर्माण के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए जाएगें। निर्माण कार्य में तय किए गए मानकों की अनदेखी नहीं की जाएगी।

# आयकर दिवस पर आयकर कमीश्नर ने विद्यार्थियों को दिए सफल जीवन के टिप्स

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया



**रेवाडी।** सरकुलर रोड़ स्थित जैन पब्लिक स्कूल में आयकर दिवस पर एक संगोष्ठी व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं आयकर एडिशनल कमीश्नर अनिल धीर ने जहाँ आयकर प्रणाली से अवगत कराया, वहीं विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए कडी मेहनत करने का आह्वान किया। विभाग की ओर से बच्चों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि श्री संतोष जैन आडिटोरियम में भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीपार्चन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रबंधन समिति की ओर से प्रधान प्रदीप जैन, प्रबंधक मोहित जैन, सदस्य भारत जैन, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण जैन, उपप्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने अधिकारियों का स्वागत किया। प्रबंधक मोहित जैन ने सभी का शाब्दिक अभिनंदन करते हुए विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने 165 वें आयकर दिवस का महत्व समझाते हुए बताया कि यह कर देश के विकास में महत्वपूर्ण कडी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में परिश्रम से सब संभव है। कुछ मुश्किल अवश्य हैं, किंतु नामुमकिन नहीं। उन्होंने- झिलमिल झिलमिल दीख रहा, वह दीपक दूर नहीं, थककर तुम बैठ न जाना, अब मंजिल दूर नहीं कहकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विभाग के असिस्टेंट कमीश्नर रतन यादव, आयकर अधिकारी अजय कुमार, राहुल धनखड़, राजेश मीणा व जयराम मीणा की टीम ने बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। विजेता विद्यार्थियों को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। प्रबंधन समिति की ओर से अधिकारियों को शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर हिंदी विभागाध्यक्ष गोपाल शर्मा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्रुति मेहता, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डिंपल वसिष्ठ, मेधा मैम, अपर्णा, ईशा चंद, रीतिका खुराना समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। उप प्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने सभी का आभार जताया। मंच संचालन लीना मखीजा ने किया।

# सैनिक की बेटी ने कोसली से चुनाव लड़ने की ठोकी ताल

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया



**रेवाडी।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि वह पिछले करीब दो दशकों से भी अधिक समय से कोसली विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा करती आ रही हैं। साथ ही महिलाओं के चहुंमुखी विकास को लेकर भी निरंतर प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। इसलिए वह आगामी विधानसभा चुनाव लडक्र क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहती है। संगठन ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो वह पूरी मेहनत के साथ चुनाव लड़ेंगी तथा पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेंगी। भाजपा नेत्री मंगलवार को गांव मूसेपुर स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को बड़ा मान-सम्मान देने का कार्य करते हुए आरक्षण का लाभ उन्हें दिया है। वह पिछले दो दशक से भी अधिक समय से कोसली क्षेत्र में सक्रिय रूप से पार्टी की सेवा करती आ रही है। पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेवारी सौंपी है, उसे बखूबी निभाने का कार्य किया गया है। गत लोकसभा चुनाव में भी संगठन की ओर से मिले दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया गया तथा उसके उपरांत भी वह लगातार गांवों में जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ महिलाओं को संगठन से जोडने.का कार्य कर रही हैं।

भाजपा नेत्री सरोज यादव ने कहा कि वह एक सैनिक परिवार से संबंध रखती हैं तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र सैनिक बहुल क्षेत्र है। सैनिक परिवार के अलावा क्षेत्र के लोगों से नजदीकी जुड़ाव होने के कारण जनता का उन्हें लगातार सहयोग व समर्थन मिलता आ रहा है। उनके पिता सेना अधिकारी थे व उनके ससुर व पति भी सेना में प्रमुख पदों पर रहे हैं। उनके दिल मे देश व इलाके की आवाम के प्रति हमेशा सेवा भाव रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को लगातार उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने तथा सिलाई सेंटर व स्वास्थ्य जांच शिविर सहित जनहितैषी कार्यों में उनकी हमेशा से रुचि रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अतिरिक्त किसी भी दल ने कोसली विधानसभा क्षेत्र की कभी भी सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि राजनीति जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। इसलिए वह आगामी विधानसभा चुनाव लडक्र क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहती है। संगठन ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो वह पूरी मेहनत के साथ चुनाव लड़ेंगी तथा पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेंगी।

# प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में संस्कारमय शिक्षा प्राप्त कर रहे पच्चीस लाख से अधिक विद्यार्थी : शिक्षा मंत्री




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाडी।** हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों में पच्चीस लाख से ज्यादा विद्यार्थी संस्कारमय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार का निरंतर प्रयास है कि सभी विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा देकर उनका सर्वांगीण विकास किया जाए और उनके भविष्य को संवारा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर में और अधिक सुधार करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन समितियां (एसएमसी) विद्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। एसएमसी के सदस्य शिक्षा विभाग की मजबूत इकाई है और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार करने के लिए समिति के सदस्य निरंतर प्रयासरत हैं। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा बुधवार को जाट धर्मशाला रेवाड़ी में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण एवं सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के चेयरमैन डा. वीपी यादव ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में निपुण प्रदर्शनी, सर्वश्रेष्ठ स्कूल प्रबंधन समितियों, स्टार टीचर्स तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य आकर्षण रहा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 22 जिलों में जिला स्तरीय स्कूल प्रबंधन समितियों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत एमएससी बनाई गई थी। एमएससी सदस्य खासतौर पर महिलाएं दो-दो के समूह बनाकर सरकारी विद्यालयों में लंच टाइम से पहले और लंच टाइम के बाद तक दो घंटे का समय जरूर निकालें और इस दौरान स्कूलों में विद्यार्थियों को दिए जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच करें। उन्होंने कहा कि एसएमसी सदस्यों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एसएमसी विद्यालय के सर्वांगीण विकास की अहम कड़ी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वह एसएमसी सदस्यों द्वारा दिए गए हर सुझाव को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगी ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में ज्यादा से ज्यादा सुधार लाया जा सके। उन्होंने शिक्षक वर्ग से अपील की कि प्रार्थना सभा में गुड मॉर्निंग और नमस्ते की के साथ ही जय हिंद से दिन की शुरुआत करें। हमारा दायित्व है कि युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाएं ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देना भी बहुत जरूरी है। बच्चों में संस्कार होंगे तो उनके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना भी प्रबल होगी। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) सदस्यों से आह्वान किया कि वे स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को मिड-डे-मिल योजना के तहत परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की ओर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यालय में गठित स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) को उसके मूल कार्यों तथा दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को राहत देने का काम किया है। सरकार ने अंत्योदय को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार कीं।

शिक्षा मंत्री ने बच्चों तथा अभिभावकों से अपील की कि वे 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत घर, स्कूल व आसपास के खुले क्षेत्र में पौधारोपण कर उसका संरक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में वर्तमान सरकार ने प्रदेश में कॉलेजों का निर्माण कराया है। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक विकसित बनाने की दूरदर्शी सोच पर हरियाणा भी अमल कर रहा है। उन्होंने कहा कि एमएससी सदस्य एक साल में अभिभावकों व शिक्षकों के बीच बैठक अवश्य करवाएं। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में स्कूल प्रबंधन समितियों के प्रशिक्षण पक्ष में एपीसी हेमंत, चरण सिंह, कृष्ण कुमार तथा रीनू आदि प्रशिक्षण से जुड़ी संबंधित जानकारी दी।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जिले की सर्वश्रेष्ठ स्कूल प्रबंधन समितियों को पुरस्कृत किया गया, जिनमें सीहा, पाल्हावास, कंवाली, जैनाबाद, गुगोढ, बावल, ततारपुर इस्तमुरार,मोतला, बिठवाना, बेरली, सुधराना कसौला, मनेठी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम में जिले के दसवीं तथा 12वीं कक्षाओं के विभिन्न संकायों के टॉपर्स, स्टार टीचर्स तथा मेंटर्स को विशेष रूप से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सत्यवीर नाहडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव, जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, बीईओ सतपाल धूपिया, राजबाला, राजेंद्र शर्मा, संतोष तंवर, अरविंद यादव, राकेश वत्स, राजेंद्र यादव, प्राचार्य सत्यवीर नाहडिया व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील ग्रोवर व रामपाल यादव सहित शिक्षा विभाग के सभी संबंधित अधिकारी व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी मेन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाडी।** मंगलवार रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी मेन ने बाल भवन, रेवाडी में पहला वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। इस प्रकार कार्यक्रम में श्रीमती हरियाणा राज्य बाल कल्याण समिति की उपाध्यक्ष परीशा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने इस पहल की सराहना की। रोटेरियन अनुराधा सैनी जी प्रोजेक्ट चेयरपर्सन थीं। रोटेरियन राहुल जैन, रोटेरियन. जेपी चौहान, रोटेरियन। ज्योति गुप्ता, एजी रोटेरियन डॉ. अरुण गुप्ता, रोटेरियन अनुकूल शर्मा, रोटेरियन नेहा शर्मा, रोटेरियन ज्योति अदलखा, रोटेरियन हरीश मेहंदीरत्ता, रोटेरियन विपिन यादव, रोटेरियन आरती अरोड़ा, रोटेरियन डॉ. प्रीति लांबा, रोटेरियन डॉ. डिंपल गुप्ता, रोटेरियन दिनेश लखेरा, रोटेरियन रितु ओबेरॉय भी कार्यक्रम में शामिल हुए और इसकी सराहना की।

# सतलुज वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर स्कूल परिसर में हुआ विशाल रोजगार मेले का आयोजन



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** गत सांय रेवाड़ी जिले के बेरली कलां गांव के सतलुज वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर स्कूल परिसर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री रामपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक ऑपरेशन एनसीआर स्किल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड सुनील नरवाल, महेश जी, युवा शक्ति फाउंडेशन से सुरज सिंह ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि रामपाल यादव,पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा हरियाणा ने अपने संबोधन में कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने बेरोजगार एवं शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संस्था के प्रयास को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास होने चाहिएं ताकि समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो सके । युवाओं को कौशल के आधार पर रोजगार का अवसर मिल सके। रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य हर युवाओं को रोजगार और हर घर में रोजगार है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की सरकारें भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। केंद्र सरकार ने अधिक से अधिक रोजगार देने का वादा प्रदेश की जनता से किया है। सतलुज संस्था के निदेशक एवम रोजगार मेले के आयोजक कुणाल यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि युवा बेरोजगारों के लिए रोजगार प्राप्त करने का यह एक सुनहरा मौका साबित हुआ । इसमें आसपास के गांव के लगभग 250 युवाओं ने भाग लिया। जिनमें से 100 से अधिक युवाओं को रोजगार मिला। ऐसे युवा जो आठवीं , 10वीं , 12वीं, स्नातक , बीबीए, एमबीए, आईटीआई , डिप्लोमा होल्डर, होटल मैनेजमेंट आदि योग्यता रखते हैं, वे रोजगार मेले में बढ़-चढ़कर साक्षात्कार देने पहुंचे। इस अवसर पर डॉक्टर रमेश यादव (पूर्व अध्यक्ष किसान आयोग), कप्तान दिलीप सिंह, अशोक यादव, कोमल यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से जनता मांगे लूट और भ्रष्टाचार का हिसाब : वन्दना पोपली

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया



**रेवाडी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व तेज तर्रार नेता वंदना पोपली ने कांग्रेस पार्टी और दीपेंद्र हुड्डा पर हिसाब मांगो यात्रा को लेकर कड़ा हमला बोला। वंदना पोपली ने कहा कि सबसे पहले अपने गिरेबान में झांके कांग्रेस पार्टी, फिर किसी और से हिसाब मांगने का काम करें। लूट और भ्रष्टाचार का उत्पात मचाने वाले, शर्म को खूंटी पर टांग कर विकास का हिसाब मांगने चले हैं। जिनके समय में जमीनों की खुली लूट हुआ करती थी। नेताओं के गोदाम को नोटों से भरने और सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने वाले विकास का हिसाब मांगने चले हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सबसे पहले खुद के कार्यकाल के विधायक और मंत्रियों से हिसाब मांगना चाहिए की कितना काम किया और कितना घर में भरा। अपने कार्यकाल में इनके मंत्री इन पर और यह अपने मंत्रियों पर लगातार आरोप लगाते नजर आए है। ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है, जीता जागता उदाहरण रेवाड़ी का ही ले ले, किस प्रकार से तल्खियों के चलते मान मनोवल करके रेवाड़ी के कांग्रेस नेता द्वारा मीरपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बुलाया गया था और भूपेंद्र सिंह हुड्डा कह कर गए थे कि रेवाड़ी के पूर्व विधायक व मंत्री कैप्टन अजय यादव जो की कहते रहते हैं कि मुझे विकास के पैसे नहीं दिए हैं और भूपिंदर सिंह हुड्डा मेरी नही सुनते हैं, कह कर रेवाड़ी की जनता को बरगलाते थे उनसे पूछ लो मैंने रेवाड़ी के विकास के लिए जो 3 हजार 328 करोड़ 25 लाख रूपये दिए है वो कहाँ खर्च हुए है। यही प्रश्न दीपेंद्र हुड्डा से जो बढ़े जोर शोर से बावल में पहुंच तो गए थे अपने बगल में बैठे कैप्टन अजय यादव के बेटे तथा वर्तमान विधायक चिरंजीव राव से भी पूछ लेते।

वंदना पोपली ने कहा अगर दीपेंद्र सच्चे हैं, तो जो हिसाब वो लेने आये थे, हरियाणा को वो सही हिसाब किताब दें। यह बताएं क्या उनको बावल में बनता हुआ एम्स नहीं दिखाई दिया। क्या दीपेंद्र हुड्डा को हरियाणा में होता हुआ विकास नहीं दिखाई दिया। क्या बिना पर्ची खर्ची की नौकरी दिखाई नहीं दी। क्या दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा में सब जगह जाकर यह बताएंगे की बावल में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, सैनिक स्कूल, सचिवालय, रेस्ट हाउस, नई बनी हुई सड़के, खुला हुआ बाजार आज बावल की नई कहानी कह रहा है। क्या दीपेंद्र हुड्डा बताएंगे कि उनके समय में दक्षिण हरियाणा के साथ जो भेदभाव होता था वह आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कहीं भी नहीं दिखाई दे रहा है। क्या दीपेंद्र हुड्डा सब को दक्षिण हरियाणा की बदलती हुई तस्वीर के बारे में बताएंगे। क्या जनता को हिसाब देंगे कि एक ही हल्के में काम के आरोप भी आप ही पर थे।

# कम कीमत वाली एसयूवी में भी दिए जा रहे छह एयरबैग

**नई दिल्ली।**

भारत में अब कम कीमत वाली एसयूवी में भी छह एयरबैग ऑफर किए जा रहे हैं। हुंडई मोटर्स की ओर से भारतीय बाजार में एक्सटेर एसयूवी को ऑफर किया जाता है। कंपनी की इस एसयूवी में छह एयरबैग ऑफर किए जाते हैं। यह सेफ्टी फीचर एसयूवी में स्टैंडर्ड तौर पर दिया जाता है।

जिसका मतलब है कि इसके बेस वेरिएंट में भी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। छह एयरबैग के साथ आने वाली यह देश की सबसे सस्ती एसयूवी है। इसकी कीमत 6.12 लाख रुपये एक्स शोरूम से शुरू हो जाती है। महिंद्रा की ओर से अप्रैल के आखिर में एक्सयूवी 3एक्सओ को लॉन्च किया गया था। कंपनी की यह एसयूवी छह एयरबैग के साथ आती है। कंपनी ने इसे 7.49 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर भारतीय बाजार में ऑफर किया है।वेन्यू को भी छह एयरबैग जैसे सेफ्टी फीचर के साथ ऑफर किया जाता है। 10 लाख रुपये से कम कीमत पर मिलने वाली इस एसयूवी में कई और फीचर्स को भी दिया जाता है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 7.94 लाख रुपये से शुरू हो जाती है। किआ की ओर से भी सोनेट एसयूवी को बेहतरीन फीचर्स और सेफ्टी के साथ ऑफर किया जाता है। वेन्यू की तरह ही इसमें भी छह एयरबैग ऑफर किए जाते हैं।

एसयूवी के सभी वेरिएंट में इस फीचर को दिया जाता है। किआ सोनेट की एक्स शोरूम कीमत 7.99 लाख रुपये से शुरू होती है।टाटा की ओर से नेक्सन एसयूवी को ऑफर किया जाता है। इस एसयूवी को कंपनी की ओर से कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में लाया जाता है। सेफ्टी के लिए इसमें भी छह एयरबैग मिलते हैं। इसकी एक्स शोरूम कीमत भी 7.99 लाख रुपये से शुरू हो जाती है। बता दें कि भारत में वाहन निर्माता अब बेहतरीन फीचर्स के साथ ही वाहनों को सुरक्षित बनाने पर भी ध्यान दे रहे हैं। कुछ समय पहले तक महंगी कारों में ही ज्यादा एयरबैग दिए जाते थे।

## अंतरिम से आम बजट तक.......इन सेक्टर ने दिया बंपर रिटर्न



**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बुधवार को पहला बजट पेश किया है। चुनाव से पहले अंतरिम से आम बजट के दौरान कई सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। मोदी सरकार की तरफ से भी कैपेक्स में इजाफा करने की वजह से भी तेजी देखने को मिली है। पिछले कई बजट में लगातार देखने को मिला है कि रेलवे सेक्टर, डिफेंस सेक्टर पर सरकार का बड़ा फोकस है।

फरवरी 2024 से अबतक बीएसई पीएसयू इंडेक्स के 22 कंपनियों के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत से 195 प्रतिशत बढ़ा है। सबसे अधिक तेजी कोचिन शिपयार्ड में देखने को मिली है। इस स्टॉक का भाव फरवरी 2024 से अबतक 912 रुपये से 2600 रुपये के पार कर गया है। यानी करीब 195 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

अन्य डिफेंस कंपनियों में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बीईएमएल और बीएचईएल के शेयरों में अच्छी खासी बढ़त देखने को मिली है। ये स्टॉक 40 प्रतिशत से 125 प्रतिशत तक का रिटर्न देने में सफल हुए हैं। बता दें, भारत का डिफेंस सेक्टर तेजी के साथ ग्रोथ कर रहा है। मौजूदा समय में भारत 85 देशों को एक्सपोर्ट करता है। दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी भारत आज 60 प्रतिशत हथियारों को विदेशों से खरीदता है। लेकिन सरकार की कोशिश है कि 2030 तक डिफेंस एक्सपोर्ट्स को 50000 करोड़ रुपये तक पहुंचाया जाए।

# जल्द आ रहा मोटोरोला का नया स्मार्टफोन

**-मिलेगी 68वॉट की चार्जिंग, लुक भी जबरदस्त**

**नईदिल्ली।**

मोटोरोला कंपनी का नए स्मार्टफोन जल्द लॉन्च होने वाला है। फोन की लॉन्च डेट के बारे में कंपनी की तरफ से अभी कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के इस अपकमिंग फोन का नाम मोटोरोला एज 50 नीयो है। इस फोन के फोटोज लीक कर दिये है।

इस लीक में फोन के कलर और डिजाइन को देखा जा सकता है। शेयर किए गए फोटो से अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंपनी इस फोन में 6.4 इंच का फुल एचडी+ पीओएलईडी ऑफर कर सकता है। इसके रियर में तीन कैमरे दिए गए हैं। फोन वीगन लेदर फिनिश और पैंटोन कलर्स में आएगा। लीक रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इस फोन में 6.4 इंच का फुल एचडी+ पीओएलईडी डिस्प्ले ऑफर कर सकती है। यह डिस्प्ले 120 एचर्ट्ज के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा। मोटोरोला का यह नया फोन 12जीबी तक की एलपीडीडीआर 4एक्स रैम और 256जीबी तक के इंटरनल स्टोरेज ऑप्शन में आ सकता है।

प्रोसेसर के तौर पर फोन में कंपनी माली जी 615 एमसी2 जीपीयू के डाइमेंसिटी 7300 प्रोसेसर दिया जा सकता है। बैटरी की जहां तक बात है, तो फोन की बैटरी 4310 एमएएच की हो सकती है। यह बैटरी 68वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। यह फोन आईपी 68 वॉटर और डस्ट रेसिस्टेंट रेटिंग के साथ आएगा। ओएस की बात करें, फोन ऐंड्रॉयड 14 पर काम करेगा। कनेक्टिविटी के लिए इस फोन में 5जी एसए/एनएसए, ड्यूल 4जी वीओएलटीई, वायफाय 6 802.11 एएक्स, ब्लूटूथ 5.4, जीपीएस और यूएसबी टाइप-सी जैसे ऑप्शन देखने को मिल सकते हैं।

फोटोग्राफी के लिए फोन में मोटोरोला एलईडी फ्लैश के साथ तीन कैमरे दे सकता है।इनमें 50 मेगापिक्सल के मेन लेंस के साथ एक 13 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड ऐंगल कैमरा और एक 10 मेगापिक्सल का कैमरा शामिल हो सकता है। फोन में ऑफर किए जाने वाले मेन कैमरा में आपको ओआईएस के साथ क्वॉड पिक्सल टेक्नोलॉजी देखने को मिलेगी। सेल्फी के लिए मोटोरोला के इस फोन में 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया जा सकता है। फोन का फ्रंट कैमरा भी क्वॉड पिक्सल टेक्नोलॉजी के साथ आ सकता है।

# सोने और चांदी की तेज शुरुआत

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की तेज शुरुआत हुई। आम बजट के बाद सोने और चांदी की कीमतें गिरी थी पर आज इसमें सुधार देखा गया। सुबह सोने के वायदा भाव 68,800 रुपये के करीब। वहीं चांदी के वायदा भाव 85,350 रुपये के आसपास बने हुए थे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की तेज शुरुआत हुई।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज बढ़त के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 280 रुपये बढ़कर 68,790 रुपये के भाव पर खुला। एक समय ये अनुबंध 232 रुपये की तेजी के साथ ही 68,742 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 68,832 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 68,652 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस महीने 74,471 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में आज तेजी रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध आज 281 रुपये की तेजी के साथ 85,200 रुपये पर खुला। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।



दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,410.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला जबकि इसका पिछला बंद भाव 2,407.30 डॉलर प्रति औंस था। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.42 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव भी 29.33 था।

# पुतिन ने टोयोटा प्रमुख समेत 12 उद्योगपतियों को रुस में आने पर लगाया बैन

**मास्को।**

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने टोयोटा प्रमुख समेत 12 हाई प्रोफाइल उद्योगपतियों का अपने देश रूस में आने पर बैन लगा दिया है। कार बनाने वाली कंपनी टोयोटा के चेयरमैन अकियो टोयोडा और 12 अन्य वरिष्ठ जापानी उद्योगपति नेताओं पर यह बैन जापान की ओर से हाल ही में उठाए गए कदम के बाद लगाया गया है। इसका टोक्यो से कड़ा विरोध किया है लेकिन रूस के विदेश मंत्रालय ने सूची प्रकाशित कर दी है। इस सूची में टोयोटा के चेयरमैन अकियो टोयोडा, राकुटेन के प्रमुख हिरोशी मिकितानी और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के अध्यक्ष अकिहिको तनाका शामिल है। जापान ने यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस पर बैन लगाने के लिए सात देशों के समूह के साथ गठबंधन किया है। यह भी एक कारण है। जापान, यूक्रेन का बड़ा सहयोगी बनकर उभरा है और इससे रूस और जापान के बीच संबंध पहले से ज्यादा खराब हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले शांति संधि वार्ता को निलंबित कर दिया गया था और बाद में पीएम फुमियो किशिदा समेत जापानी सांसदों पर प्रवेश प्रतिबंध लगाया गया। रुस के विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला विशेष सैन्य अभियान के संबंध में जापान द्वारा रुस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों की प्रतिक्रिया है।



हालांकि मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि जिनका चयन किया गया, वह क्यों किया गया और इसमें मित्सुबिशी, होंडा और सोनी जैसी प्रमुख फर्मों के चीफ क्यों शामिल नहीं हुए, यह भी नहीं बताया गया।

## 25 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क पूरी तरह हटाने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अपने बजट 2024 भाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोबाल्ट, लिथियम और तांबे सहित 25 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) पूरी तरह हटाने का ऐलान किया है। 2024 में देश के इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए यह बड़ी घोषणा की गई है। सीमा शुल्क छूट के अलावा, मंत्री ने इनमें से दो खनिजों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) में कटौती की भी घोषणा की। अपने बजट भाषण में सीतारमण ने कहा कि ये महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ मृदा तत्व परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, दूरसंचार और उच्च तकनीक वाले इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। सीतारमण ने कहा, इससे (छूट से) ऐसे खनिजों के प्रसंस्करण और शोधन को बढ़ावा मिलेगा तथा इन रणनीतिक और महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। बता दें कि सीमा शुल्क के हटने से देश में लिथियम आयन बैटरी का उत्पादन सस्ता हो जाएगा। लिथियम आयन बैटरी को बनाने में मुख्य तौर पर दो घटकों- लिथियम और कोबाल्ट का उपयोग होता है। सीमा शुल्क के हटने से इनकी कीमतों में कमी आएगी जिससे लिथियम बैटरी से चलने वाले कार, बाइक और स्कूटर के भी सस्ते होने की उम्मीद है।




## शॉर्ट और लांग टर्म कैपिटल गेन में बदलाव.. निवेशकों पर असर

**मुंबई।** आम बजट 2024 में कैपिटल गेन पर टैक्स में कई अहम बदलाव हुए हैं। इसका असर सीधे तौर पर निवेशकों को होने वाले मुनाफे पर होगा। बजट में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है, जो पहले 15 प्रतिशत था। यानी अब कोई भी निवेशक 12 महीने से पहले किसी भी लिस्टेड कंपनी के शेयरों को बेचकर मुनाफा कमाता है, उस मुनाफे पर 20 प्रतिशत टैक्स का भुगतान करना है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत किया है। अब निवेशकों को 12 महीने से ज्यादा समय तक होल्ड किए गए शेयरों को बेचने पर हुए मुनाफे पर 12.5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। मोदी सरकार ने टैक्स में मामुली इजाफा कर निवेशकों को राहत भी दी है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन में मिलने वाली टैक्स छूट को अब बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये किया गया है, जो कि पहले 1 लाख रुपये थी। फ्यूचर और ऑप्शन पर लगने वाली सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। डेरिवेटिव सेगमेंट में ऑप्शन को सेल पर विक्रेता की ओर से 0.0625 प्रतिशत एसटीटी अदा किया जाएगा। वहीं, इस पर 0.125 प्रतिशत एसटीटी ऑप्शन खरीदार की ओर से दिया जाएगा। बिल के मुताबिक, नई दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। सरकार ने पर्सनल टैक्स के मोर्चे पर भी जनता को राहत दी है।

## बाजार में जल्द आएगी सिट्रोएन की बसाल्ट

**मुंबई।** सिट्रोएन काफी समय से अपनी नई एसयूवी बसाल्ट को लेकर चर्चा में है। कंपनी अब बहुत जल्द गाड़ी को लांच करने वाली है। हाल ही में सिट्रोएन बसाल्ट का टीजर जारी हुआ है, जिसमें इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो में सिट्रोएन बसाल्ट के एक्सटीरियर में एलईडी डीआरएल और प्रोजेक्टर हेडलैम्प्स दिए गए हैं। वहीं इंटीरियर में इंफोटेनमेंट सिस्टम, इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और एसी यूनिट की झलक देखने को मिल रही है। गाड़ी में 10.2 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, सी-शेप एसी वेंट्स, लैदरेट सीट्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, टॉगल स्विच और रोटरी डायल जैसे फीचर्स मिलने वाले हैं। इस अपकमिंग गाड़ी में भी 1.2 लीटर का तीन सिलेंडर इंजन मिल सकता है। इसके अलावा इसमें टर्बो इंजन का विकल्प भी दिया गया है, जिससे इसके मैनुअल वेरिएंट को 110 पीएस की पावर के साथ 190 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलेगा। वहीं छह स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन वाले वेरिएंट से 110 पीएस की पावर और 205 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिल सकता है।

## आईटी कंपनियों के सबसे ज्यादा महंगे सीईओ एचसीएल के सी विजयकुमार

**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज के सीईओ सी विजयकुमार के पास न तो आईआईटी की डिग्री है और न ही वह कभी आईआईएम गए लेकिन वह भारतीय आईटी कंपनियों के सबसे ज्यादा सैलरी लेने वाले सीईओ बन गए हैं, उनकी सैलरी की तुलना में देश में कोई भी आईटी कंपनी का सीईओ नहीं है। 22 जुलाई को कंपनी की सालाना रिपोर्ट जारी हुई इसमें विजयकुमार 2024 में भारतीय आईटी कंपनियों के सबसे महंगे सीईओ हैं। विजयकुमार का सालाना आधार पर पैकेज 190.75 फीसदी बढ़कर 84.16 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी की रिपोर्ट के मुताबिक विजयकुमार को 19.6 लाख डॉलर (16.39 करोड़ रुपए) की बेसिक सैलरी और 11.4 लाख डॉलर (तकरीबन 9.53 करोड़ रुपए) का परफॉर्मेंस लिंक्ड बोनस मिला। बाकी रकम उन्हें लॉन्ग टर्म इंसेंटिव, लॉन्ग टर्म कैश इंसेंटिव, बेनिफिट्स, भत्ते, स्टॉक यूनिट्स आदि के तौर पर दी गई। उनका पैकेज कंपनी के कर्मचारी की औसत सैलरी का 707.46 गुना है। दूसरे स्थान पर इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख थे, जिनकी सेलरी 66.25 करोड़ रुपए है, तीसरे नंबर पर विप्रो के सीईओ श्रीनिवास पल्लिया थे, जिन्हें तकरीबन 50 करोड़ रुपए सैलरी मिलती है। टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन की अधिकतम बेसिक सैलरी 1.9 करोड़ रुपए सालाना रही। शेयरधारकों को लिखे पत्र में विजयकुमार ने कहा है कि बीते वित्त वर्ष में हमारा रेवेन्यू सालाना 5.4 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 13.3 अरब डॉलर रहा। हमारी रेवेन्यू ग्रोथ टीयर-1 ग्लोबल आईटी सर्विस कंपनियों में सबसे ज्यादा है और संबंधित अवधि में हमारा इबिट मार्जिन 18.2 फीसदी था।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 280 , निफ्टी 65 अंक नीचे आया**

**मुम्बई।**

शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद आज 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 280.16 अंकों की गिरावट के साथ ही 80,148.88 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 65.55 अंक टूटकर 24,450 के स्तर से नीचे आकर 24,413.50 पर बंद हुआ।

मंगलवार को बजट आने के बाद से ही बाजार नीचे आया है। बाजार को सरकार से कैपिटल गेन टैक्स को लेकर कोई बड़ा फैसला लिए जाने की उम्मीद थी पर ऐसा नहीं हुआ जिसका प्रभाव बाजार पर विपरीत पड़ा है। इसके अलावा शेयर बिक्री से हुए लाभ पर भी टैक्स बढ़ाने की वजह से बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। आज कारोबार के दौरान निफ्टी तेल और गैस क्षेत्र में सबसे ज्यादा 1.69 फीसदी का उछाल आया। निफ्टी उपभोक्ता उत्पाद ओर आईटी शेयरों में भी उछाल आया। अगर सबसे लाभ वाले शेयरों की बात की जाए तो एचडीएफसी लाइफ , टेक महिंद्रा , भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), एनटीपीसी और टाटा मोटर्स रहे।




वहीं बजाज फिनसर्व के शेयर नीचे आये। इसके अलावा टाटा कंज्यूमर्स , ब्रिटानिया , एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों को भी सबसे अधिक नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। सुबह बाजार खुलते ही बीएसई 89 अंक करीब 0.11 फीसदी नीचे आकर 80,339 के स्तर पर पहुंचा गया। वहीं एनएसई निफ्टी भी 0.17 फीसदी ऊपर आकर 24,438 पर पहुंच गया। इसके विपरीत मिडकैप इंडेक्स में 0.41 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़त हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली आईटीसी और जूलरी, घड़ियां तथा चश्मे जैसे प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी टाइटन के शेयर ऊपर आये।

## भारत ही नहीं दुनिया के कई देश झेल रहे महंगाई की मार, अर्जेंटीना टॉप-10 में सबसे ऊपर

**नई दिल्ली।** महंगाई की मार भारत के लोग ही नहीं दुनिया भर के लोग झेल रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत में यह कम है। महंगाई की मार झेल रहे देशों में सबसे ऊपर अर्जेंटीना है। अर्जेंटीना में महंगाई दर 272 फीसदी है। हाल ही में वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुनियाभर के देशों में महंगाई की एक लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट के टॉप-10 देशों में अर्जेंटीना, सीरिया, तुर्की, लेबनान, वेनेजुएला, नाइजीरिया, मिस्र, पाकिस्तान, बांग्लादेश और रूस शामिल हैं। इस सूची में अर्जेंटीना के बाद सीरिया दूसरे नंबर पर है। सीरिया में महंगाई की दर 140 फीसदी है। तीसरे नंबर पर तुर्की आता है, जहां महंगाई दर 71.6 फीसदी है फिर लेबनान में 51.6 फीसदी, वेनेजुएला में 51.4 फीसदी, नाइजीरिया में 34.19 फीसदी, मिस्र में 27.5 फीसदी, पाकिस्तान में 12.6 फीसदी बांग्लादेश में 9.72 फीसदी और रूस 8.6 फीसदी महंगाई दर है। इस सूची में भारत 13वें नंबर पर आता है, जहां महंगाई दर 5.08 फीसदी है। इस लिस्ट में टॉप पर मौजूद देश अर्जेंटीना में महंगाई का अंदाजा इससे लगा सकते है कि यह भारत के मुकाबले करीब 60 गुना है। भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश इस सूची में टॉप-10 में शामिल है। पाकिस्तान की महंगाई दर भारत से करीब ढाई गुना ज्यादा है। बता दें कि महंगाई बाजार की वह अवस्था होती है जिसमें गुड्स एंड सर्विसेज की कीमतें लगातार बढ़ती जाती हैं। ऐसे में कम चीजों को खरीदने के लिए ज्यादा करेंसी खर्च करनी पड़ती है।

# महिंद्रा थार रोक्स 15 अगस्त को होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की अपकमिंग गाड़ी का नाम महिंद्रा थार रोक्स होगा। कंपनी की यह कार आगामी 15 अगस्त को लॉन्च होगी महिंद्रा ने अपकमिंग थार का टीजर शेयर कर डिजाइन की झलक दिखाई है। महिंद्रा थार आरओएक्सएक्स में 3-डोर मॉडल की तुलना में कई बड़े अपडेट देखने को मिल रहे हैं। इसके फ्रंट फेसिया में गोलाकार एलईडी हेडलैंप और इंटीग्रेटेड एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट के साथ एक अपडेटेड ग्रिल दिख रही है। इसमें नए एलॉय व्हील्स, रियर फेंडर के ठीक ऊपर की 4x4 बैजिंग, ब्लैक कलर में व्हील आर्च क्लैडिंग और सी-शेप्ड एलईडी टेल लैम्प भी देखे जा सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसमें ज्यादा बड़ा बूट स्पेस भी मिलेगा।

फीचर्स अपकमिंग महिंद्रा थार में लंबे पिलर्स के साथ बॉक्सी शेप, वर्टीकल स्लेटेड फ्रंट ग्रिल, गोल आकार की हेडलाइट्स, फ्लेयर्ड व्हील आर्च, अपराइट टेलगेट पर लगे स्पेयर व्हील, मस्कुलर बंपर सेक्शन, रेक्टेंगुलर टेल लैंप्स, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी सपोर्ट के साथ 9-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर, ऑटोमैटिक एसर, मल्टी-फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, रूफ माउंटेड स्पीकर्स, मल्टीपल एयरबैग्स, हिल स्टार्ट कंट्रोल, ईएसी समेत कई फीचर्स मिलने की उम्मीद है। इस गाड़ी में एक 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन, 2.2-लीटर डीजल इंजन और 1.5-लीटर डीजल इंजन मिल सकता है। 1.5-लीटर डीजल इंजन को छोड़कर ये बाकी 2 पावरट्रेन इसके 3- डोर मॉडल में पहले से मिल रहे हैं। बता दें कि कंपनी का अपने नए मॉडल को लाने का उद्देश्य अपनी अनूठी डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर प्रदर्शन के साथ एसयूवी बाजार में तहलका मचाना है।




## पेट्रोल डीजल की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली।**

घरेल बाजार में बुधवार कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है हालांकि देश के चारों महानगरों में कीमतें पहले की तरह ही है। राजधानी दिल्ली सहित चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है पर आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा और गुजरात समेत कुछ राज्यों में ईंधन की कीमतें बढ़ी है जबकि जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में ईंधन की कीमतें कम हुई हैं। दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 94.72 रुपये जबकि डीजल के दम 87.62 रुपये प्रति लीटर पर है। वहीं मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.76 रुपये, तो वहीं डीजल की कीमत 92.35 रुपये प्रति लीटर है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर, डीजल 88.23 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.64 रुपये प्रति लीटर, डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, आगरा में पेट्रोल 94.55 रुपये प्रति लीटर है। डीजल 87.57 रुपये प्रति लीटर है। वाराणसी में पेट्रोल 95.50 रुपये प्रति लीटर है। डीजल 88.35 रुपये प्रति लीटर है जबकि पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर है। डीजल-92.04 रुपये प्रति लीटर है।



## मिस्टर बच्चन की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा, थंगलान-डबल इस्मार्ट से होगी रवि तेजा की टक्कर

साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माताओं ने इस इंतजार पर विराम लगा दिया है और फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक एलान कर दिया है। अजय देवगन की रेड का तेलुगु रूपांतरण मिस्टर बच्चन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी। निर्माताओं और रवि तेजा ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस पीपल मीडिया फैक्ट्री ने लिखा, वक्त पे पहुचनेका अपना पुराना आदत है। मिस्टर बच्चन की 15 अगस्त को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी। 14 अगस्त को सभी जगह विशेष प्रीमियर होगा। बड़े पर्दे पर जबरदस्त मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए। यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म निर्देशक हरीश शंकर द्वारा निर्देशित और टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित है। फिल्म में रवि तेजा के साथ भाग्यश्री बोरसे और सुभलेखा सुधाकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कहानी भारतीय उद्योगपति सरदार इंदर सिंह पर एक नाटकीय आयकर छापे के इर्द-गिर्द घूमती है। इस साल उगादी के अवसर पर रवि तेजा ने अपनी नई फिल्म का भी एलान किया था। उनकी 75वीं फिल्म का अस्थाई नाम आरटी75 है। इस फिल्म को लेकर भी दर्शकों के बीच भरपूर उत्साह है। रवि तेजा अपनी 75वीं फिल्म में लक्ष्मण भेरी की भूमिका निभाएंगे। इसका निर्देशन समाजवरगमन के लेखक भानु भोगवरपु करेंगे।



# आदित्य रॉय और सामंथा रुथ के साथ नजर आएंगी वामिका गब्बी

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर ने अपनी आने वाली वेब सीरीज के लिए राज और डीके के साथ हाथ मिलाया है। चर्चा है कि इस सीरीज में कई बेहतरीन अभिनेत्रियां अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरेंगी। सोशल मीडिया पर खबर आई थी कि शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को चुना गया है। वहीं, अब सीरीज में एक और अभिनेत्री के शामिल होने की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, आदित्य और सामंथा के साथ वामिका गब्बी भी इस सीरीज में काम करेंगी।

### राही अनिल बर्वे करेंगे निर्देशन

ऐसी खबरें थीं कि इस सीरीज का नाम अस्थायी रूप से रक्तबीज रखा गया है और यह एक्शन जॉनर में आती है। हालांकि, बाद में कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि सीरीज का नाम फिलहाल रक्त ब्रह्मांड है और यह एक पीरियड फैंटेसी होगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि राज और डीके केवल शो रनर होंगे और इसका निर्देशन तुम्बाड फेम राही अनिल बर्वे करेंगे।

### कलाकारों को पसंद आई कहानी

वहीं अब ताजा जानकारी के अनुसार, वामिका भी इस टीम का हिस्सा होंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, राही ने एक रहस्यमयी, काल्पनिक दुनिया बनाई है, जिसे भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं दिखाया गया। आदित्य, सामंथा और वामिका को सीरीज की कहानी और दृश्य ने प्रभावित किया है, जिसके बाद उन्होंने इसके लिए तुरंत हां कह दी और वे इस सीरीज में अभिनय करने के लिए उत्साहित हैं।

### आदित्य-सामंथा ने शुरू की तैयारी





यह एक खास प्रोजेक्ट है, जिसे राही तुम्बाड के आने से पहले बनाने की सोच रहे थे। उन्होंने शुरू में इसे एक फीचर फिल्म के रूप में बनाने का सोचा था, लेकिन व्यापक सामग्री के कारण इसे एक वेब सीरीज में रूपांतरित किया, जो फिल्म के रूप में नहीं बन सकती थी। यह सीरीज दर्शकों को धोखे और दोहरे-धोखे, प्यार और बलिदान और भाग्य से भरी दुनिया में ले जाएगी। यह सीरीज एक्शन से भरपूर होगी, इसलिए आदित्य और सामंथा पहले ही इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि इस खबरों पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की मुहर लगनी बाकी है।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो से निकाले जाने की खबरों का सुमोना ने बताया सच

सुमोना चक्रवर्ती द कपिल शर्मा शो का अहम हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने हमेशा दर्शकों का मनोरंजन किया है। हालांकि, जब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर हुआ तो प्रशंसकों को सुमोना की अनुपस्थिति का ध्यान आया। बाद में, इंटरनेट पर कई अफवाहें फैलने लगीं जिनमें दावा किया गया कि सुमोना को निकाल दिया गया है। वहीं, अब अभिनेत्री ने इस मामले पर खुलकर बात की है और शो का हिस्सा न बनने के पीछे की असल वजह बताई है। एक हालिया इंटरव्यू में सुमोना ने साफ किया कि उन्हें कपिल शर्मा के शो से नहीं निकाला गया है। अभिनेत्री ने कहा, यह बहुत अजीब है क्योंकि कुछ दिन पहले एक बहुत अच्छा आर्टिकल आया था। मैंने एक जर्नलिस्ट से बात की थी और मैंने बिल्कुल अलग बात कही थी। फिर जाहिर है दो दिन बाद एक दूसरे मीडिया आर्टिकल में बिल्कुल अलग बात कही गई थी। मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि मैं भी रोमानिया में थी। सुमोना चक्रवर्ती ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैंने यह बार-बार कहा है। मैं एक ऐसे शो का हिस्सा थी जो पिछले साल जुलाई में खत्म हो गया था और ऐसा नहीं है कि मैं बाहर निकल गई या मैंने इस्तीफा दे दिया या मुझे निकाल दिया गया। शो जुलाई में खत्म हो गया और उसके बाद हम सभी आगे बढ़ गए। हमने उसके बाद अपने-अपने प्रोजेक्ट शुरू किए। मैं खतरों के खिलाड़ी कर रही हूं। उन्होंने (कपिल शर्मा) एक और शो किया। बस इतना है कि हमारे बीच कोई खटास नहीं है। मैं कपिल से क्यों नाराज होंगी?



## अपनी पहली मलयालम फिल्म को लेकर उत्साहित हैं एसजे सूर्या



एसजे सूर्या एक मशहूर भारतीय अभिनेता, गीतकार, संगीतकार, पटकथा लेखक और निर्देशक हैं, जो मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा की वजह से उन्होंने काफी सम्मान हासिल किया है। फैंस उनकी हर फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल में ही वह कमल हासन के साथ इंडियन 2 में नजर आए थे। अब वह जल्द ही फहाद फाजिल के साथ मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने वाले हैं। हाल में ही उन्होंने कमल हासन के साथ काम करने के अनुभव और मलयालम सिनेमा में डेब्यू करने को लेकर बात की है। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान एसजे सूर्या ने मलयालम फिल्मों में अपने डेब्यू की पुष्टि की है। इस फिल्म में वह मलयालम फिल्मों के मशहूर कलाकार फहाद फाजिल के साथ काम करने वाले हैं। अभिनेता ने इस पर बात करते हुए फहाद के अभिनय कौशल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आवेशम में उन्हें फहाद का काम काफी पसंद आया। इस फिल्म ने उनपर गहरी छाप छोड़ी है। इस वजह से वह अपनी पहली मलयालम फिल्म में उनके साथ काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, यह मेरा पहला मलयालम डेब्यू है और वह भी फहाद फासिल सर के साथ। मुझे कई फिल्मों में उनका काम काफी ज्यादा पसंद आया है, लेकिन आवेशम में उन्हें देखने के बाद मैं उनका दीवाना हो गया। वह फिल्म में बेहद शानदार थे। इसके साथ ही जिस तरह से उन्होंने अभिनय किया, उसका कोई जवाब नहीं है। अभिनेता ने इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन का जिक्र करते हुए कहा कि वह उनकी तारीफ शब्दों से कभी नहीं कर सकते। बता दें कि फहाद फाजिल ने इस फिल्म में रंगा नाम के एक गैंगस्टर की भूमिका निभाई, जिसको दर्शकों ने काफी पसंद किया है।



## दीपिका और कटरीना के साथ काम करना चाहूंगा

पंजाबी इंडस्ट्री में सिंगर-एक्टर एमी विर्क को तकरीबन 20 साल होने आए, मगर बॉलिवुड में जब उन्होंने भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया और 83 जैसी फिल्मों में काम किया तो अपने निशान छोड़े। अब वो अपकमिंग फिल्म बैड न्यूज में हीरो के रूप में नजर आएंगे। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी जैसे साथी कलाकारों से सजी एमी अपनी इस फिल्म में कॉमिडी के रंग में रंगे हैं।

**आपके करियर की बात करूं, तो सुना है कि आपको काफी संघर्ष करना पड़ा? क्या आपको रिजेक्ट होना पड़ा?**

सच कहूं, तो मुझे संघर्ष लफ्ज से आपत्ति है। ये मुझे दो नंबरी वर्ड लगता है। मुझ पर ऊपर वाले की मेहरबानी रही कि मुझे अपने पहले गाने से लेकर आज तक कोई स्ट्रगल नहीं करना पड़ा। मेहनत मुझे काफी करनी पड़ी है, मगर मुझे काम मांगने के लिए कभी मिन्नतें नहीं करनी पड़ीं। पंजाब हो या बॉलिवुड, मेरे सभी बड़े-छोटे भाइयों ने मुझे प्यार से काम दिया है। मैं मानता हूं कि रिजेक्शन कलाकार को बेहतर बनाता है।

**एक समय था जब सरदारों को फिल्मों में स्टीरियोटाइप या कॉमिडी में ही इस्तेमाल किया जाता था, उन पर जोक्स बनते थे, मगर क्या आप मानते हैं कि अब वो स्थिति बदल रही है?**

हमारे यहां दिलजीत पाजी, सतिंदर सरताज, रणजीत बावा और मेरे जैसे कई कलाकार हैं, जो पगड़ी बांधकर खुद को रिप्रेजेंट करते हैं। लोग कहते हैं कि आप पगड़ी को इंटरनैशनली ले गए हैं, तो मैं उल्टा कहता हूं कि पगड़ी के कारण ही हम यहां तक पहुंचे हैं। पगड़ी हमें यहां तक लाई है। अब जैसे मेरी पगड़ी नहीं होती, तो मैं इस फिल्म का हिस्सा नहीं होता। जैसे 83 की पूरी टीम थी, जिसमें मैं अकेला सरदार था। फिल्म में मैंने बलविंदर सिंह संधू का रोल किया था। पहले हमारा मजाक उड़ाया जाता था, मगर मेरे भाइयों ने वो स्टीरियोटाइप तोड़ा।

**पंजाबी इंडस्ट्री में आपने अपने करियर की शुरुआत इंटेंस और नकारात्मक भूमिकाओं से की, आपके लिए बैड न्यूज में कॉमिडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

हर एक्टर कॉमिडी करना चाहता है। पंजाबी इंडस्ट्री में आम तौर पर कॉमिडी फिल्में बनती हैं। वहां की ऑडियंस पारिवारिक फिल्मों के रूप में रॉम-कॉम देखना पसंद करते हैं, तो पंजाबी एक्टर्स का कॉमिडी में हाथ अच्छा ही होता है। आजकल की स्ट्रेसफुल लाइफ में जिंदगी हो या फिल्में कॉमिडी जरूरी हो जाती है, तो मैंने कॉमिडी को खूब इंजॉय किया।

**बॉलिवुड में किन एक्ट्रेसेस के साथ काम करने के इच्छुक हैं?**

अभी तो सारी भाभियां ही हैं हमारी। सभी हीरो मेरे दोस्त हैं। उधर दीपिका भाभी (दीपिका पादुकोण) इधर कटरीना भाभी (कटरीना कैफ) इनके अलावा मुझे तो खैर सभी हीरोइनों के साथ काम करना है। सभी अच्छी हैं। हीरोइनों के अलावा मैं अच्छी स्क्रिप्ट्स पर काम करना चाहूंगा। मैं चाहता हूं बॉलिवुड में अच्छे किरदार करूं।

# प्रभास के साथ पर्दे पर रोमांस करेंगी यह पाकिस्तानी अभिनेत्री!



**साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता का आनंद ले रहे हैं। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहीं, इसके बाद अब प्रभास अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। इसके बाद प्रभास मारुति द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी फिल्म द राजा साब में अभिनय करेंगे। इसके साथ ही प्रभास ने हनु राघवपुडी के साथ एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिस पर नई जानकारी सामने आई है।**

रिपोर्ट्स के अनुसार, हनु राघवपुडी के साथ प्रभास की नई फिल्म एक पीरियड रोमांटिक एक्शन ड्रामा होगी। अब सोशल मीडिया पर फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के नाम की चर्चा तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने प्रभास के साथ रोमांस का तड़का लगाने वाली अभिनेत्री को चुन लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास के साथ पाकिस्तानी अभिनेत्री सजल अली को कास्ट किया जाएगा। सजल अली दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म मॉम में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं। हालांकि, कास्टिंग की खबर की पुष्टि होना अभी बाकी है, लेकिन इसने काफी चर्चा बटोरी है। अगर इन खबरों में सच्चाई हुई तो सजल को पर्दे पर प्रभास के साथ रोमांस करता देख प्रशंसक उत्साहित नजर आएंगे। मैत्री मूवी मेकर्स इस परियोजना में भारी निवेश कर रहे हैं। यह फिल्म जल्द ही लॉन्च होने वाली है। सीता रामम पर उनके सफल सहयोग के बाद संगीतकार विशाल चंद्रशेखर इस फिल्म के लिए हनु राघवपुडी के साथ फिर से जुड़ेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म आजादी से पहले के दौर के रजाकार आंदोलन पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले हनु राघवपुडी ने भी इस फिल्म को लेकर कुछ जानकारियां साझा की थीं। दरअसल, हनु राघवपुडी को वारंगल में एनआईटी के छात्रों के एक विशेष सत्र के लिए बतौर अतिथि बुलाया गया था। इस दौरान उन्होंने यह पुष्टि की कि वे प्रभास की अगली फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभास के साथ वे पीरियड एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। हनु राघवपुडी ने फिल्म पर बात करते हुए यह भी कहा कि विशाल चंद्रशेखर ने प्रभास के साथ उनकी फिल्म के लिए तीन गाने भी कंपोज कर लिए हैं।

